वर्ष- 22 अंक - 50 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 01 अगस्त 2026

# मुझसे गलती हुई... देश माफ करे




## मोदी को अपशब्द कहने वाली छात्रा रुचिका का माफीनामे वाला वीडियो वायरल

शनिवार ● एजेंसी

जंतर मंतर पर 23 जुलाई के प्रदर्शन में पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्द बोलने की आरोपी रुचिका सिंह ने एक वायरल वीडियो में माफी मांगी है और खुद को 15 साल की बताया है। यह वीडियो पीएम मोदी के उस बयान के बाद आया जिसमें उन्होंने छात्रों को माफ करने की बात कही थी। रुचिका के खिलाफ नोएडा में जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी जो अब दिल्ली पुलिस को भेजी जा चुकी है।

रुचिका का कहना है कि वह कनॉट प्लेस घूमने के बाद दोस्तों के साथ प्रदर्शन में गई थी और वहां मौजूद लोगों के प्रभाव में आकर उसने ऐसी बातें कहीं। रुचिका अपनी मां के साथ नोएडा की एक हाउसिंग सोसाइटी में रहती थी। उसका फ्लैट फिलहाल बंद है और सुरक्षाकर्मियों के मुताबिक वह प्रदर्शन के बाद से वापस नहीं लौटी है

## साध्वी प्राची ने छात्र आंदोलन को बताया 'दंगाइयों का खेल'

**मुजफ्फरनगर.एजेंसी। हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने हाल ही में हुए छात्र आंदोलन को दंगाइयों का खेल बताया। उन्होंने कहा कि अरब देशों के इशारे पर यह खेल किया गया।**



## नाव में बारात और दुल्हन की विदाई

**जाजपुर.एजेंसी।** ओडिशा के कई इलाके इन दिनों बाढ़ में डूबे हुए हैं। इसके कारण सड़कों पर पानी भरा है। गाड़ियां भी नहीं चल रही। जाजपुर जिले के सिमिलिया गांव के एक युवक को बारात लेकर जाना था, लेकिन रास्ते बंद थे। ऐसे में वह नाव में बारात लेकर ढेंकानाल जिले के भुवन इलाके में पहुंचा। बाढ़ के बीच ही उसने शादी की और दुल्हन को लेकर नाव में ही लौटा।

## सूरत फिर हुआ बदसूरत

# 24 घंटे में 24 इंच पानी

शनिवार ● एजेंसी

गुजरात का सूरत एक बार फिर भारी बारिश से बदसूरत हो गया। यहां 24 घंटे में 24 इंच पानी गिरने से बाढ़ के हालात बन गए। 12 अन्य इलाकों में भी 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई। पहाड़ों पर बारिश के कारण उत्तरप्रदेश में गंगा, घाघरा और सरयू सहित 10 नदियां उफान पर आ गईं। बलिया में 9 मकान सरयू नदी में समा गए। उधर असम में तबाही की बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 82 तक पहुंच गया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में बादल फटने से बाढ़ आ गई। बारिश की वजह से रुकी अमरनाथ यात्रा फिर शुरू हो गई।

### उफनती नदी में बही कार, मां और दो बेटियों की मौत

महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में पुल से गुजर रही कार उफनती नदी में बह गई। कार में सवार महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। जबकि महिला का पति जैसे-तैसे बच निकला।

## स्पेन में घुस रहे 57 लोगों की मौत

**शनिवार.एजेंसी।** स्पेन के सेउटा के बॉर्डर पर शरणार्थियों का भारी सैलाब देखने को मिला। गुरुवार से लेकर अब तक 50,000 से ज्यादा लोग जमीन और समुद्र के रास्ते शहर में घुस गए। हालांकि, स्पेन सरकार का कहना है कि इनमें से ज्यादातर लोग (लगभग 48,300 शरणार्थी)



शुक्रवार शाम तक अपनी मर्जी से वापस मोरक्को लौट गए हैं। स्पेन सरकार ने पुष्टि की है कि स्पेनिश सीमा की तरफ से 57 शव बरामद किए गए हैं। सीमा की दीवार और ब्रेकवॉटर पर चढ़ने की कोशिश में कई लोग दब गए, जबकि कई लोग डूब गए।

## पीओके में 50 लोगों के कत्लेआम पर भड़के ब्रिटेन के 50 सांसद

**शनिवार.एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बीते तीन-चार दिनों में हुई हिंसा में 50 से ज्यादा लोगों की मौत और सैकड़ों घायल होने की बात सामने आई है। अब यह प्रदर्शन इस्लामाबाद तक पहुंच गया है। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में बढ़ती हिंसा को लेकर 50 से ज्यादा ब्रिटिश सांसदों ने यूके के विदेश सचिव को पत्र लिखा है। सांसदों ने फायरिंग में हुई मौतों पर चिंता जताते हुए तुरंत कूटनीतिक हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं एमनेस्टी इंटरनेशनल ने रावलाकोट में चुनाव से पहले हुई हिंसा को लेकर पाकिस्तान सरकार पर सवाल उठाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## 200 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल सिलेंडर

### इंदौर में 2846 में मिलेगा

**शनिवार.एजेंसी।** अगस्त के पहले दिन तेल कंपनियों ने आज कमर्शियल सिलेंडर के भाव में करीब 200 रुपए की कटौती की। मध्यप्रदेश में सिलेंडर के दाम 194 रुपए कम हुए। इंदौर में यह सिलेंडर अब 2846 में मिलेगा, जबकि भोपाल में 2743 में मिलेगा। दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 2728 रुपए रह गई जबकि कोलकाता में इसका दाम 2872.50 रुपए हो गया। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## राम मंदिर में फिर बढ़ा सोने-चांदी का चढ़ावा

**अयोध्या.एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में एक बार फिर सोने और चांदी के चढ़ावे में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 10 दिनों में श्रद्धालुओं ने करीब एक किलोग्राम सोना और लगभग तीन किलोग्राम चांदी दान स्वरूप अर्पित की है। सावन माह में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ बहुमूल्य धातुओं का चढ़ावा भी लगातार बढ़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ...



### मुख्यमंत्री का तलाक

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी 17 साल से अलग रह रहीं पत्नी पायल का अब तलाक होना तय है। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक का निपटारा करने की बात कही है।

### घायल हिन्दू मजदूर की भी मौत आतंकियों की तलाश

**कुलगाम.एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में कल आतंकियों ने नाम पूछकर दो हिन्दू मजदूरों को गोली मारी थी जिससे एक मजदूर की मौत हो गई थी और एक घायल हो गया था। अब घायल मजदूर ने भी दम तोड़ दिया। इस हिन्दू विरोधी आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबल पूरे इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश कर रहे हैं।

### एक घर में चार लाशें मिलने से हड़कंप

**बलरामपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में बलरामपुर के झोहना गांव इलाके में एक घर के भीतर पति-पत्नी, 3 साल की बेटी और 10 महीने के बेटे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस को शक है कि 28 साल के बजरंगी ने अपनी पत्नी और बेटी की गोली मारकर हत्या की और खुद को भी गोली मार ली। 10 महीने के बेटे के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।

### अटलजी की मूर्ति लगाने में भी हो गई धांधली

**रायपुर.एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा नगर पालिका परिषद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बने 'अटल परिसर' में बड़ा खेल पकड़ा गया है। यहां कायदे से ब्रॉन्ज यानी कांस्य की मूर्ति लगनी थी, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने सांठगांठ कर सीमेंट की सस्ती मूर्ति टिका दी। यह बड़ा घोटाला तब उजागर हुआ जब हाल ही में हुई झमाझम बारिश के बाद प्रतिमा का पेंट उखड़ने लगा।

### चार दिन की मासूम को 5 लाख में बेच रही थी

**हैदराबाद.एजेंसी।** हैदराबाद के बालापुर में पुलिस ने चार दिन की एक बच्ची को बेचे जाने की कोशिश नाकाम कर दी। पुलिस ने वहीदा खातून नामक महिला को गिरफ्तार किया है जो बच्ची को 5 लाख में बेचने का प्रयास कर रही थी।

### महिला टीचर ने ससुर को मार डाला

**महराजगंज.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज में एक शिक्षिका बहू ने संपत्ति विवाद में अपने ससुर की हत्या कर दी। बहू ने पहले ससुर की आंखों में मिर्च झोंकी, फिर फावड़े के डंडे से मौत के घाट उतार दिया।

# कांग्रेस नेता ने उठाया मछलियां और नदी में जल जीव के मरने का मुद्दा

## उद्योगों का पानी छोड़ा तो नदी का कलर ही बदल गया





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने इंदौर जिले की देपालपुर विधानसभा के ग्राम सगड़ोद से निकल रही चम्बल नदी में जहरीला पानी उद्योगों द्वारा छोड़ा गया, जिससे हजारों मछलियां और जल जीव मर गए। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। पटेल ने कहा कि चम्बल नदी में पीथमपुर, धार की फैक्ट्रियों द्वारा यह जहरीला केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने से नदी में परेशानी पैदा हुई है और नदी के पानी का कलर भी बदल गया है। बड़ी संख्या में मछलियां और जल जीव मृत होकर किनारे पर दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में मोतीसिंह पटेल ने कहा कि शासन और प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें, नहीं तो उग्र आन्दोलन करने की चेतावनी मोतीसिंह पटेल ने दी है। नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों में भी इस घटना से आक्रोश है। यहीं के नरेन्द्र मकवाना ने बताया कि इस चम्बल नदी का पानी उद्योगों द्वारा दूषित पानी छोड़ने के बाद मवेशियों के भी पीने योग्य पानी नहीं बचा है, नदी में बह रहे पानी की दुर्गन्ध से बहती नदी के आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। यह पानी बोरिंगों में भी उतर सकता है इसकी आशंका के साथ रहवासियों ने जमकर आक्रोश जताया। किसान नेता मोतीसिंह पटेल ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि तत्काल उद्योगों का जहरीला पानी नदी में आने से रोका जाए। नदी के पानी का सेम्पल लेकर जांच कराई जाए। नदी में जहरीला पानी छोड़ने वाली कंपनियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मृत मछलियों और जीवों का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से करवाया जाए ताकि बीमारी न फैले। मोती सिंह पटेल ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई और दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो कांग्रेस मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में उग्र आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन और प्रदूषण फैलाने वाली कंपनीयो की होगी। कुल मिलाकर अब देपालपुर से बह रही चम्बल नदी का मुद्दा कांग्रेस नेता ने रहवासियों के माध्यम से उठाया है और मामला पीथमपुर के उद्योगपतियों द्वारा छोड़े गए पानी से जुड़ा है। इधर रहवासियों ने भी कहा कि वे पानी की बदबू से परेशान है। इसलिए अब आन्दोलन की आवश्यकता नजर आ रही है।

## भाजपा नेता कराएंगे व्याख्यान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू द्वारा 9 अगस्त की शाम 4 बजे से महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सालय में व्याख्यान का आयोजन करा रहे है। मुख्य वक्ता के रूप में सांसद और राष्ट्र चिंतक सी. सदानंदन मास्टर उद्बोधन देंगे। संस्था सार्थक के बैनर तले संघर्ष व्यक्ति की परीक्षा लेता है और वैचारिक प्रतिबद्धता उसे इतिहास में स्थान दिलाती है। इसी विचार पर व्याख्यान अगले रविवार को होंगे।

## पार्षद पति ने डलवाई पेयजल पाइप लाइन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा चार के वार्ड 73 में गंदे पानी की समस्या आ रही थी। पार्षद पति सादिक खान ने गंदे पानी की समस्या को हल करने के लिए नई पाइप लाइन लगाने के कार्य का शुभारंभ करवाया। अतिथि मज़हर हुसैन सेठजीवाला, जौहर मानपुरवाला थे जिनका स्वागत पार्षद पति सादिक खान ने किया। इस दौरान अली हुसैन रूबी, शेख आबिद लेमनवाला,मोहम्मद छतरीवाला,यूनुस अली, मुजफ्फर हुसैन सहित अनेक रहवासी मौजूद थे।





## भाजपाइयों ने की कई मुद्दों पर बैठक में चर्चा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 3 के वार्ड 61 के कार्यकर्ताओं की बैठक फूल माली समाज धर्मशाला में आयोजित की गई। पार्षद भावना चौधरी, अरुण पेंढारकर, पिंकी बागड़ी, आशीष दाणेज, डोंगरसिंह चौहान, शिव वर्मा, ताराचंद सोनकर, लीलाधर कुराडिया, राधेश्याम हनोतिया, राजेश खीची की मौजूदगी में नगरीय निकाय चुनाव मतदाता सूची, कावड़ यात्रा, शक्ति केन्द्र की संरचना के बारे में जानकारी भी दी गई और संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा भी की गई।

## हेरिटेज ट्रेन चार दिन चलाए रेलवे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वरिष्ठ भाजपा नेता और रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने हेरिटेज ट्रेन पातालपानी-काला कुंड ट्रेन चलाई जाने की शीघ्र घोषणा करने की मांग पश्चिम रेलवे मुंबई के महाप्रबंधक एवं रतलाम डीआरएम से करते हुए ट्रेन को चार दिन चलने तथा डेमो ट्रेन नंबर 79307 एवं 79310 के समय बदलने से सैलानियों को सुविधा एवं रेलवे की आय में बढ़ोतरी होगी। वर्मा ने कहा कि डीआरएम रतलाम ने अगस्त में हेरीटेज पुनः चलाई जाने की घोषणा की लेकिन अगस्त माह शुरू हो गया है आज तक हेरिटेज ट्रेन चालू करने की जानकारियां सैलानियों और यात्रियों को नहीं है। वर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर 79310 रतलाम महू डेमू ट्रेन को इंदौर से सुबह 10:30 बजे इंदौर से तथा ट्रेन 79307 को शाम 4:45 पातालपानी से चलाए जाने से इंदौर से आवागमन करने वाले सैलानियों को सुगमता और कनेक्टिविटी तथा हेरिटेज ट्रेन का महत्व बढ़ेगा।

## आम आदमी पार्टी का ई-20 पेट्रोल के खिलाफ ऑनलाइन अभियान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आम आदमी पार्टी ने आज देश भर के साथ प्रदेश और इंदौर शहर-जिला में ई-20 पेट्रोल के खिलाफ देश के लोगों की आवाज एक साथ अभियान की शुरूआत की। सीधे आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल से इस आयोजन को जोड़ा गया। सभी को सुबह 11.30 बजे से जोड़ा गया और समाचार लिखे जाने तक अरविंद केजरीवाल ई-20 पेट्रोल के खिलाफ उद्बोधन देने वाले हैं, जो दोपहर तक चलेगा। ऑनलाइन जुड़ने का क्रम शुरू हो चुका है। इसके लिए सभी आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि वे ऑनलाइन जुड़ने के बाद उसका स्क्रीन शॉट लेकर अपने-अपने अध्यक्ष को भेजे और सभी शहर व जिला अध्यक्ष प्राप्त होने वाली स्क्रीन शॉट को अपने झोन प्रभारी को भेजेंगे और सारी स्क्रीन शॉट दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास भेजी जाएगी।

## कांग्रेस की चेतावनी, बिना नेताओं के बताए थाना नहीं जाए

### जब भी पुलिस बुलाए तब सूचना के बाद कुछ को साथ ले जाए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और राजीव विकास केन्द्र के नितिश भारद्वाज, जौहर मानपुरवाला ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी कांग्रेसजन के पास अगर पुलिस थाना आने की सूचना आती है, तो वे सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ नेताओं को इसकी सूचना दें और कुछ कांग्रेस साथियों को साथ लेकर ही जाए। यादव, भारद्वाज, मानपुरवाला ने कहा कि पुलिस इन दिनों भाजपाइयों के इशारे पर कांग्रेसियों को परेशान कर रही है। पहले भी कांग्रेस नेता बादशाह मिमरोट को थाना पर दो दिन बैठाए रखा और अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को पौने 7 घंटे तक थाना पर पूछताछ के नाम पर बैठाए रखा। पूछताछ के नाम पर भाजपा नेता दबाव बनवाकर पुलिस के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। इसलिए अब किसी भी थाना पर कांग्रेसजन नहीं पहुंचे और जाए तो सूचना और कांग्रेसियों को लेकर ही पहुंचे और थाना जाने के पहले कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर भी जानकारी डाल दी जाए और जो साथी बाहर है वे संबंधित जानकारी भी कांग्रेस ग्रुप में डालते रहे और नेताओं को बताते रहे, जिससे जरूरत पड़ी तो थाना पर कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता पहुंच सके और अपे साथी की मदद कर सके।



## पार्षद ने दिलाई हाईमास्ट लाइट की सुविधा

### शुभारम्भ अवसर पर मौजूद रहे रहवासी भी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा चार के वार्ड 82 के अन्तर्गत हवा बंगला क्षेत्र में क्षेत्रीय पार्षद नितिन शर्मा शानू ने अंधेरे को दूर करने के लिए हाईमास्ट लाइट की सौगात दिलवाई। इस शुभारम्भ अवसर पर बडी संख्या में भाजपाई, रहवासी भी मौजूद रहे। नितिन शर्मा शानू, भरत पारीख, जानी खत्री, थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, झोनल अधिकारी नीतेश सिंह, संजय मोटवानी, अजय बड़जात्या, राजेन्द्रसिंह चौहान, बल्ली मालवीय, असीम माहेश्वरी, कमल नारंग, वैभव उपाध्याय, राजेश वसुंदे मामा, मोना चौरसिया, अनिता पाल, क्षमा गुप्ता, ममता बुधोलिया, उज्जवला मालवीय, विनयबाला जैन, सौरभ बुधोलिया, मनोज चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# इंदौर से पहले महू लाया जाएगा मेजर हमजा का पार्थिव देह

## जैसलमेर बटालियन ने भी दी श्रद्धांजलि




### सम्मान के साथ आज देर शाम या कल सुबह तक होगा सुपर्दे-ए-खाक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर के राजेन्द्र स्थित धनवंतरी नगर में रहने वाले मेजर हमजा आरिफ गुरुवार रात जैसलमेर में सडक दुर्घटना में शहीद हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मेजर का पार्थिव देह जैसलमेर में राजकीय सम्मान के बाद इन्दौर के लिए रवाना किया गया। सूत्रों के मुताबिक उनका पार्थिव देह इन्दौर से पहले आम्बेडकरनगर मिलेट्री में ले जाया जाएगा जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी इसके बाद इन्दौर में उनका पार्थिव देह परिजनों को सौपा जाएगा और फिर सुपुर्दे-ए-खाक किया जाएगा।**

मेजर हमजा का पार्थिव देह सडक मार्ग द्वारा जैसलमेर से इन्दौर लाया जा रहा है। सम्भवतः आज दोपहर तक उनका शव इन्दौर पहुंच जाएगा। हालांकि जानकारी के मुताबिक पहले उनके पार्थिव देह को महू ले जाया जाएगा जहां मिलेट्री द्वारा राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा और परिजनों द्वारा बताए गए कब्रस्तान में सुपुर्द-ए-खाक होगा। पार्षद प्रशांत बड़वे ने बताया कि फिलहाल सुपुर्द-ए-खाक कब होगा इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। आज देर शाम के बाद या कल सुबह रीति-रिवाजों के अनुसार उनके परिजन सुपुर्द-ए-खाक करेंगे। इस दौरान आर्मी द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी दिया जाएगा। सेना अधिकारी, जिला प्रशासन अधिकारी के अलावा पुलिस अफसर भी सम्मान देंगे।

मेजर हमजा का परिवार मध्यमवर्गीय है, पिता आर आर कैट से सेवानिवृत्त है। मेजर हमजा की पढ़ाई कैट स्थित सेन्ट्रल स्कूल में हुई है। परिवार में पिता के अलावा मां और तीन बहनें है। तीनों बहने शादी-शुदा है और एक बहन इन्दौर के एक शासकीय विभाग में कार्यरत है। वहीं दो बहनें दुबई में रहती है। मेजर हमजा की पत्नी ज्योति अरोडा फिलहाल उनके साथ जैसलमेर में ही रह रही थी। उनकी एक माह पहले ही शादी हुई थी।





### राजेन्द्र नगर गणेश मंदिर में नियमित सेवाएं देते है पिता

मेजर हमजा आरिफ के पिता फखरुद्दीन आरिफ वैसे तो बोहरा समाज से है लेकिन वे सभी धर्मो का सम्मान करते है। खास बात यह है कि वे राजेन्द्र नगर गणेश मंदिर में नियमित सेवा भी देते है। पार्षद प्रशांत बड़वे ने बताया कि उनके पिता गणेशोत्सव में भी शामिल होते थे। धनवंतरी नगर वैसे तो मराठी बाहुल्य क्षेत्र है, लेकिन वे कई वर्षों से यही रहते है। उनके परिवार का क्षेत्रीय रहवासियों से अच्छा मेलजोल है।

### विधायक और पार्षद सूचना मिलते ही पहुंचे

गुरुवार देर रात दुर्घटना के बाद कल सुबह जब मेजर हमजा के परिजनों को उनकी मौत की सूचना मिली तो घर में चीख-पुकार मच गई। मेजर हमजा के कुछ दोस्त भाजपा से भी जुडे हुए है। इसलिए सूचना तुरन्त क्षेत्रीय विधायक और पार्षद को तक पहुंच गई और विधायक मधु वर्मा और पार्षद प्रशांत बड़वे, नवनीत हार्डिया तुरन्त मेजर हमजा के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# माहेश्वरी समाज चुनाव कल, दोनों पैनल लगा रही है दम





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की तीन वर्षों के लिए चुनावी प्रक्रिया चल रही है। मतदान कल रविवार 2 अगस्त को आम्बेडकर नगरी महू के माहेश्वरी स्कूल में सुबह 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक किया जाएगा। 7 पदों के लिए मतदान किया जाना है और 7 पदों पर टीम उमा महेश के प्रत्याशी निर्विरोध हो चुके हैं। कल जो पदों में चुनाव है उनमें अध्यक्ष, मानद मंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष के अलावा अंचल के इंदौर अहिल्या अंचल में उपाध्यक्ष और संयुक्त मंत्री और भोज अंचल में उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। अहिल्या अंचल के उपाध्यक्ष पद पर राजेश मूंगड के समर्थन में सत्यनारायण मंत्री पप्पू, शैलेन्द्र भैया, ओमप्रकाश सोमानी, डॉ. सीपी हेड़ा, महेश राठी गुड्डा, ब्रजमोहन राठी, युगल राठी, मुकेश सारडा, चेतन बियाणी, श्याम सारडा, विकास बांगड, सुधीर तोषनीवाल द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से मत की गुहार की जा रही है। वहीं टीम उमा महेश के उम्मीदवार अजय झंवर, मधुसूदन भलिका, दिलीप लोया, रूपेश भूतड़ा ने भी प्रचार-प्रसार में दम दिखाया। वहीं रणजीत पैनल के श्याम भांगड़िया, राम तोतला, विजय लड्ढा बाजा, पंकज अटल भी प्रचार में जुटे हैं। वहीं इसी पैनल के उपाध्यक्ष पद पर शैलेष मूंदड़ा और संयुक्त सचिव पद पर विजय चांडक प्रचार कर रहे हैं। टीम उमा महेश के संयुक्त सचिव उम्मीदवार सुरेश हेड़ा भी एक बार के संयुक्त सचिव रहने के बाद फिर दूसरी बार जीत की जुगत कर रहे हैं। इधर टीम उमा महेश का प्रकाश अजमेरा ने विजय माला पहनाकर विजय तिलक लगाकर सम्मान किया। आज शाम मतदाताओं के लिए भोज का आयोजन भी स्कीम नं. 71 गार्डन में रखा गया है।

### पूर्व पार्षद मित्तल का निधन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।



कांग्रेस की पूर्व पार्षद एवं अग्रवाल समाज से जुड़े वरिष्ठ डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की की माता सुशीलारानी मित्तल का निधन हो गया। शवयात्रा आज शाम 4 बजे टेलीफोन नगर ज्ञानपार्क से निकलकर रिजनल पार्क मुक्तिधाम जाएगी।

### इंदौर में छुटपुट पानी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इंदौर में जो कम दबाव का क्षेत्र बना था वह अब गुजरात की ओर चला गया है। भारी भरकम बारिश की संभावना इंदौर में कम ही है, अब दो से तीन दिनों तक छुटपुट बारिश आएगी।

# बड़े कांग्रेस नेताओं ने दिखाई तिलक को श्रद्धांजलि देने में कंजूसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





आज देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे बालगंगाधव तिलक की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा था। आज सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पार्षद और विधानसभा लड़े उम्मीदवारों के अलावा प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति नजर आई। माल्यार्पण कांग्रेस कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग और संचालन संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने किया। कांग्रेसियों ने अपने बड़े नेताओं के चेहरे को ढूंढने की कोशिश भी की और कुछ को फोन भी लगाए गए। ज्यादातर कार्यक्रम में कांग्रेसी पार्षद नहीं पहुंचे यह चर्चा भी बनी रही। कांग्रेसियों ने कहा कि कार्यक्रम में नहीं आना यह संगठन के लिए कंजूसी है और स्वतंत्रा संग्राम सेनानी के लिए नहीं आना भी गलत बात है। आज प्रमुख रूप से शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, आनन्द कासलीवाल, कृपाशंकर शुक्ला, नीलेश सेन शैलू, देवेंद्रसिंह यादव, सुधीर सेठिया, सत्यनारायण सलवाडिया, श्यामसुंदर यादव, प्रमोद द्विवेदी, सुदामा चौधरी, आनन्द जैन कासलीवाल, बादशाह मिमरोट, सुनील पाल, मिथुन यादव, नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट, किरण जिरेती, तान्या अवस्थी, सुशीला यादव सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

**निगम की ओर से कोई नहीं पहुंचा-** पुरानी परम्परा बनी हुई थी कि नगर निगम की ओर से प्रतिमाओं पर जयंती और पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करने कोई ना कोई पहुंचता है। पूर्व में महापौर भी जाते थे, फिर किसी एमआईसी सदस्य को भेजते, अब धीरे-धीरे निगम की ओर से कोई नहीं पहुंचता है, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि स्वतंत्रा संग्राम सेनानी की प्रतिमा पर निगम की ओर से किसी को आना चाहिए था।

# बड़े दिनों के बाद इंदौर में एक दिन में हुई आधा इंच बारिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कई दिनों के बाद इंदौर शहर में एक दिन में कल आधा इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि अभी एक-दो दिन इंदौर में बारिश का मौसम बना रहेगा।**

पिछले कई दिनों से इंदौर में बारिश हो ही नहीं रही है। जब बारिश का मौसम बनता है और बारिश होती है तब भी बहुत मामूली बारिश होती है और फिर से मौसम साफ हो जाता है। बहुत लंबे अरसे के बाद ऐसा हुआ जब इंदौर में एक दिन में आधा इंच से ज्यादा बारिश हो गई। कल तो सुबह से ही शहर में पानी का मौसम बना हुआ था। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग समय पर धूप भी निकल रही थी और पानी के लिए बादल भी आ रहे थे। इसी स्थिति के चलते हुए पूरा दिन निकल गया लेकिन कोई अच्छी बारिश नहीं हो पाई थी। शाम को 7:00 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली। इसके बाद तो पूरे शहर में

**अभी बारिश का मौसम एक-दो दिन बने रहने की उम्मीद**

जोरदार बारिश शुरू हो गई। यह बारिश इतनी तेज गति से आई थी कि ऐसा लगने लगा था कि अब तो कई घंटे तक यह पानी नहीं रुकेगा। आसमान पर भी बादल छाए हुए थे और पानी की गति भी जोरदार थी। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 15.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह बारिश आधा इंच से ज्यादा हो जाती है। बहुत दिनों के बाद इंदौर में एक साथ 24 घंटे में इतना पानी आ सका है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी एक-दो दिन और इंदौर में पानी का मौसम बना रहेगा। यह उम्मीद की जा रही है कि बंगाल की खाड़ी में बने हुए दबाव के परिणाम स्वरुप इंदौर में बारिश हो सकती है। वैसे भी सावन का महीना शुरू होने के बाद इंदौर में बारिश पहले दिन तो नहीं हुई थी और दूसरे दिन इस आधा इंच की बारिश ने लोगों को बहुत ज्यादा राहत दी है। ऐसे में अब लोगों द्वारा यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में और ज्यादा और अच्छी बारिश होगी जिससे कि नागरिकों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति करने वाले बोरिंग फिर से चालू हो जाएंगे।

### 16 इंच होने को है....

इंदौर शहर में मानसून के इस मौसम में अब तक 390 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह बारिश 16 इंच से थोड़ी सी कम है। 10 मिलीमीटर बारिश और हो जाए तो इंदौर की बारिश 16 इंच हो जाएगी। वैसे इंदौर को 40 इंच पानी की जरूरत होती है। अभी तो इंदौर के तालाब भी प्यासे हैं।



## निगम में 40 साल काम कर हुए रिटायर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम में 40 साल तक कार्य कर कल रिटायर हुए कुंदन पिता हीरालाल खरे का विदाई समारोह ढोल-धमाकों के साथ किया गया। निगम से गाड़ियों के काफिले के साथ उन्हें राजवाड़ा लाया गया और माँ अहिल्या को माल्यार्पण किया गया। राजवाड़ा स निवास तक उन्हें ढोल-ढमाकों के साथ लाया गया वहां समारोह आयोजित कर भोज भी किया गया। धीरज खरे, बाबा खरे सहित अन्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने सौंपा कावड़ यात्रियों की सुरक्षा पर ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल इंदौर महानगर द्वारा पवित्र श्रावण मास में निकल रही कावड़ यात्राओं के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही यह भी मांग की गई कि सावन मास में मांस, मटन, शराब की दुकानें बंद रखी जाए, इनसे धार्मिक भावनाओं में परेशानी आती है। कावड़ यात्रियों के यात्रा मार्ग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहे, जिससे उन्हें दिक्कत ना हो और दुर्घटना का भी




अंदेशा ना रहे। इस दौरान शिवम् माली, रिक्की वर्मा, नरेंद्र सेन, शुभम् बजरंगी, पिंटू शर्मा, रूपेश बाथम, कैलाश बरेला, मदनलाल चौहान, कुलदीप दीक्षित, हर्ष मंगोलिया, आदर्श ठाकुर, विक्की रघुवंशी, योगेश चौहान, राजेश सूर्यवंशी, आशीष बामने, अभिषेक, वेदांत आंजना, त्रिलोक चौहान, कृष्णा खेर, दिनेश लोधा, दिनेश टांक, क्रिस सोलंकी, लकी चौहान, वीर प्रजापत, विजय सहित अन्य मौजूद थे।

# उद्योगपतियों ने दिया फायर सेफ्टी को लेकर भार्गव को ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता के नेतृत्व में पदाधिकारी और उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में फायर सेफ्टी ऑडिट के तहत की जा रही कार्यवाई को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव से विस्तृत चर्चा की और उद्योगों की ओर से अपना पक्ष रखते हुए वर्तमान परिस्थितियों एवं औद्योगिक संस्थानों में नये नियमों से राहत देने की मांग रखी गई।



महापौर सभाकक्ष में बहुत ही गरिमापूर्ण वातावरण में अपर आयुक्त प्रखर सिंह के उपस्थिति में हुई बैठक में अध्यक्ष योगेश मेहता ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को एक ज्ञापन सौंपकर इन नियमों की समीक्षा करने और उद्योगों को तत्काल राहत प्रदान करने का आग्रह किया। उद्योगपतियों के साथ चर्चा व व्यावहारिकता को समझते हुए महापौर ने उद्योगों पर हो रही कार्यवाही को शिथिल करने का विश्वास दिलाया और वैकल्पिक सामान्य फायर सेफ्टी उपकरण लगाने का उद्योगपतियों से आग्रह किया। योगेश मेहता ने महापौर भार्गव से कहा कि पुराने संरचनाओं में संचालित हो रहे उद्योगों में नये नियम लागू करना व्यावहारिक दृष्टि से असंभव है और इसके लिए उद्योगों पर दबाव बनाकर कार्यवाही की जा रही है वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम अग्निसुरक्षा और जल संरक्षण के महत्व का पूरी तरह समर्थन करते हैं, लेकिन नियम ऐसे होने चाहिए जो व्यावहारिक हों और उद्योगों को विकास बाधित न करें। इसके लिए उद्योगों को राहत देने के लिए नियमों का पुनरीक्षण करना चाहिए। इस दौरान प्रमोद डफरिया, हरीश भाटिया, प्रकाश जैन, अनिल पालीवाल, गुरविरसिंह, रूचिल डोसी, अशोक पाटनकर, तरूण व्यास सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने शंख बजाकर मंडी शुल्क वृद्धि का जताया विरोध

### निर्णय वापस नहीं लेने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी, दिया गया ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के अरविन्द बागड़ी के नेतृत्व में प्रदेश के 55 जिलों मे 150 से अधिक मंडियों मे मंडी



शुल्क को 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी के सचिव ओपी खेड़े को सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से जनहित में इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेसियों ने शंख भी बजाया और नारेबाजी कर विरोध भी जताया। वरिष्ठ नेता दीपू यादव ने आरोप लगाया कि सरकार ने व्यापारी संगठनों एवं किसान प्रतिनिधियों से पर्याप्त संवाद किए बिना यह निर्णय लिया है। कांग्रेस ने मांग की मंडी शुल्क वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए तथा व्यापारिक संगठनों, किसान प्रतिनिधियों और संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा कर नई नीति बनाई जाए। क्रांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही मंडी शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया तो मध्य प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेशभर में व्यापारियों एवं किसानों के साथ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन करेगा। इस दौरान मधुसूदन भलिका, देवेन्द्रसिंह यादव, गोविन्द अग्रवाल, दीपक पंचायती, हितेश अग्रवाल, अवधेश गर्ग, केशव विश्वकर्मा, सुभाष यादव, आनंद रायकवार, सुनील सोलंकी, सुनील पाल, ललित जैन, वीरेंद्र चौहान, प्रकाश पाल, धीरज मालवीय, महेश फूलमाली, गणेश खेड़े, महेश यादव,किशन सहगल, कन्हैया दौर मौजूद थे।

# पहाड़िया ने बुलाई आने वाले पर्वो की तैयारियों को लेकर बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने निगम के सामान्य प्रशासन विभाग कक्ष में आगामी प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। गणेश उत्सव, गणेश विसर्जन चल समारोह, गोगा नवमी, विभिन्न कपड़ा मिलों की पारंपरिक झांकियों एवं अखाड़ों से संबंधित व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि इन आयोजनों के लिए पूर्व में शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि वर्तमान में बंद कर दी गई है। पहाड़िया ने



कहा कि इंदौर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं को किसी भी स्थिति में समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की अनुदान राशि के स्थान पर निगम अपने स्तर पर अंशदान राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करे, ताकि वर्षों से चली आ रही धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराएँ पूर्ववत जारी रह सकें। गणेश विसर्जन जुलूस में निकलने वाली मिलों की झांकियों को निगम द्वारा 2-2 लाख रुपये अनुदान दिए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। वाल्मीकि समाज के गोगानवमी शोभायात्रा जुलूस और झांकियों पर भी चर्चा हुई। प्रत्येक अखाड़े को 15 हजार रु. अनुदान दिए जाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में अधिकारी अभय राजनगांवकर, देवधर दरवई, पीएस कुशवाह, राजेन्द्र गरोठिया, अभिषेक सिंह, प्रदीप दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## आज शाम किशोर कुमार के गीत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** झंकार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आज शाम 7 बजे से इंदौर प्रेस क्लब में गायक किशोर कुमार के गीतों के साथ जन्मदिन मनाया जाएगा। केक भी काटा जाएगा। गायक-गायिकाएं गीतों की प्रस्तुति देकर अपनी भूमिका निभाएंगे। सोनू डांगर, पायल सोलंकी, बाबू राजोरिया, डॉ. विनोद रघुवंशी, सुरेश तलरेजा, उर्मिला राजोरिया, पायल सोलंकी, सीमा निगम, मोनिका गोंड, पूनम सोलंकी, पुष्पा लखेरा, राकेश नरवाले, संजय श्रीवास्तव आज शाम अपनी भूमिका निभाएंगे।

# सेवानिवृत हुए एसआई को व्यापारियों ने जीप से बाज़ारों में घुमाया

**दुकानदार से लेकर रिक्शा वालों तक ने किया सम्मान, पुलिस की अलग ही छवि आई सामने**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**जीप पर सवार होकर निकले एक यातायात पुलिस के उप निरीक्षक का व्यापारिक क्षेत्रों में जमकर स्वागत हुआ। आरोप–प्रत्यारोप झेलने वाली पुलिस की कल व्यापारिक क्षेत्र में अलग ही छवि नजर आई। हर दुकानदार बाजार का ट्रैफिक संभालने वाले एसआई की कार्यमुक्ति पर उनका स्वागत करता नजर आया। क्षेत्र के रिक्शा वालों से लेकर चाय वालों तक स्वागत में पीछे नहीं रहे।**




कल दोपहर शहर के सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार, राजवाड़ा, सराफा, बजाजखाना में जीप पर सवार एक पुलिसकर्मी का स्वागत देखने राहगीर भी रुक गए। जब उन्हें पता चला कि वे पिछले कई सालों से यहां ट्रैफिक संभालते थे और उनकी बेदाग छवि है तो आम नागरिकों ने भी जीप पर चढ़ कर उन्हें बधाई दी। आम तौर पर ऐसा माहौल किसी नेता के लिया बनता है। लेकिन किसी पुलिस अफसर के लिए बना यह नजारा चर्चा का विषय बन गया। ट्रैफिक एसआई संत बहादुर सिंह कल सेवानिवृत्त हुए। ट्रैफिक थाना पर उनका साथी पुलिसकर्मियों ने सम्मान किया। जिसके बाद वे सीतलामाता बाजार अपने ड्यूटी प्वाइंट पहुंचे। जहां व्यापारियों ने उन्हें खुली जीप में खड़ा कर सभी बाजारों में घुमाया। लगभग हर दुकानदार ने उनका स्वागत किया। आमतौर पुलिस से रिक्शा वाले दूरी ही अच्छी मानते है, लेकिन बहादुर का रिक्शा वालों से लेकर क्षेत्र के चाय वालों तक ने सम्मान किया। कुल मिलाकर कल व्यापारिक क्षेत्र में पुलिस की अलग ही छवि नजर आई। जबरन चालान का आरोप झेलने वाली यातायात पुलिस के प्रति नागरिकों का सम्मान देखते ही बनता था

### सराफा पुलिस सहित इन संस्थान ने किया स्वागत

बहादुर को सीतलामाता बाजार के व्यापारी जीप में लेकर निकले। सीतलामाता बाजार में दुकानदारों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद गौराकुंड व्यापारी एसोसिएशन, खजूरी बाजार व्यापारी संघ,रिटेल गारमेंट एसोसिएशन, सराफा चौराहा, चाट चौपाटी,सराफा व्यापारी एसोसिएशन के बाद सराफा थाना पर भी सिंह का सम्मान किया गया। थाना प्रभारी ने उन्हें माला पहनाकर मिठाई भी खिलाई। इसके बाद बोहरा बाजार व्यापारी, बजाजखाना व्यापारी, गोटा किनारी व्यापारी संघ और सांठा बाजार व्यापारी एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया।

# जीएसटी बिल्डिंग के इंटीरियर डेकोरेशन का प्रोजेक्ट मंजूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**विकास प्राधिकरण खर्च करेगा 35 करोड़ रु.,**

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा जीएसटी बिल्डिंग के इंटीरियर डेकोरेशन के प्रोजेक्ट को मंजूर कर दिया गया है। इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन करने पर 35 करोड रुपए खर्च होंगे। अब इसके लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू किया जा रहा है।

प्राधिकरण के द्वारा डिपॉजिट वर्क के तहत योजना क्रमांक चोपन में सत्य साईं चौराहा के पास में जीएसटी बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इस बिल्डिंग के निर्माण का कार्य तो पूरा हो गया है। अब इस बिल्डिंग में इंटीरियर डेकोरेशन का काम किया जाना है। इसके साथ में पूरी बिल्डिंग को एयर कंडीशन करते हुए वहां पर आग से बचाव के उपकरण लगाया जाना है। इसके साथ बिल्डिंग का फिनिशिंग का काम भी किया जाना है। इस बचे हुए काम को करने के लिए प्राधिकरण के द्वारा योजना तैयार कर ली गई है। इस योजना को मंजूरी देने का काम भी पूरा हो गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा किए गए आंकलन के अनुसार इस कार्य पर 35 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। प्राधिकरण के द्वारा अब यह काम कराया जाएगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण इस बिल्डिंग के इंटीरियर डेकोरेशन का काम है। इसके लिए प्राधिकरण के द्वारा एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है की एजेंसी जैसे ही फाइनल होगी वैसे ही हम इस काम को शुरू कर देंगे और तेज गति के साथ पूरा करवाएंगे। ध्यान रहे कि प्राधिकरण के द्वारा डिपॉजिट वर्क के तहत बहुत सारे काम किए जाते हैं। इसमें जिस एजेंसी के लिए प्राधिकरण के द्वारा कार्य किया जाता है उस एजेंसी के द्वारा निर्माण का पूरा खर्च वहन किया जाता है। यह एजेंसी निर्माण के खर्च के साथ प्राधिकरण को काम करवाने का सुपरविजन चार्ज भी देती है। इस तरह से काम करते हुए प्राधिकरण अच्छी आय अर्जित करने में सफल होता है। प्राधिकरण के द्वारा डिपॉजिट वर्क के तहत बहुत सारे कार्य किए जाते हैं। राज्य सरकार की पहल पर जीएसटी बिल्डिंग का काम भी प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है।

# महूनाका स्विमिंग पूल के काम पर निगम खर्च करेगा 31 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा महू नाका के स्विमिंग पूल के कामकाज पर 31 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए योजना बनाकर तैयार हो गई है और उसकी मंजूरी दे दी गई है।

नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में केवल दो स्विमिंग पूल का संचालन किया जाता है। इसमें से एक स्विमिंग पूल नेहरू पार्क में स्थित है। इस स्विमिंग पूल को नया बनाने का काम पिछले कई महीनो से लगातार चल रहा है। पिछले कुछ महिनों से तो नगर निगम के द्वारा बार-बार यह ऐलान किया जा रहा है कि बस काम हो गया अब अगले महीने हम इसे आम जनता के उपयोग के लिए खोल देंगे। लेकिन यह अगला महीना नहीं आ पा रहा है। अब उम्मीद की जा रही है कि यह स्विमिंग पूल अगस्त के महीने में शुरू हो जाएगा। पिछले दिनों इस स्विमिंग पूल का निरीक्षण करते हुए यह देखा गया कि अधिकांश काम पूरा हो गया है और पूल में पानी भी भर दिया गया है। इसी तरह से नगर निगम के द्वारा शहर के पश्चिमी क्षेत्र में महू नाका पर भी स्विमिंग पूल का संचालन किया जाता है। यह बहुत पुराना और बहुत बड़ा स्विमिंग पूल है। नगर निगम के द्वारा इस स्विमिंग पूल में मरम्मत के सिविल कार्य तथा रंगाई पुताई करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर 31 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होगी। नगर निगम के द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब जल्द ही इस प्रस्ताव के आधार पर काम शुरू किया जाएगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस कामकाज के माध्यम से इस स्विमिंग पूल में वहां जाने वाले लोगों को जो परेशानी हो रही है उस परेशानी को समाप्त करने की कोशिश की जाएगी। इस कार्य के द्वारा इस स्विमिंग पूल को उपयोग करने वालों के लिए सुविधाजनक बनाने का काम किया जाएगा।

# ग्रीन बॉन्ड के बाद इंदौर नगर निगम सितंबर में लॉन्च करेगा 1000 करोड़ जुटाने लिए ब्लू बांड

**महापौर बोले बैंक से कर्ज लेने की बजाय नागरिकों के पूंजी निवेश से विकास की मिसाल करेंगे पेश, नर्मदा का चौथा चरण इंदौर लाने के लिए नगर निगम को चाहिए 1600 करोड़ रुपए**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नर्मदा के चौथे चरण की महत्वाकांक्षी जल प्रदाय परियोजना को गति देने के लिए इंदौर नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। महापौर परिषद की बैठक में 1,000 करोड़ रुपये के ब्लू बॉन्ड जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सितंबर के अंत तक बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही इंदौर देश का पहला नगरीय निकाय बन जाएगा, जो जल परियोजना के लिए ब्लू बॉन्ड जारी करेगा।

### बैंक ऋण की जगह निवेशकों से पूंजी

नगर निगम को नर्मदा के चौथे चरण के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। पहले यह राशि बैंकों से ऋण लेने की योजना थी, लेकिन अब निगम ने 1,000 करोड़ रुपये ब्लू बॉन्ड के जरिए जुटाने का निर्णय लिया है। शेष राशि बैंक ऋण से प्राप्त की जाएगी।

### केंद्र देगा 100 करोड़ की सब्सिडी

ब्लू बॉन्ड जारी करने पर नगर निगम को केंद्र सरकार से 100 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिलेगी। निवेशकों को निगम तय ब्याज दर के अनुसार भुगतान करेगा। बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया इसी माह शुरू होगी और अगले तीन माह में पूरी कर ली जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि बैंक से कर्ज लेने की बजाय नागरिकों के पूंजी निवेश से विकास की मिसाल करेंगे पेश। उन्होंने कहा कि देशभर के नगर निगम के लिए इंदौर ने एक नया मॉडल पेश किया है जिसके तहत वे सरकार से बगैर किसी आर्थिक मदद के बड़े विकास कार्यों को पूरा कर सकते हैं। देश के कई नगरी निकाय केंद्र और राज्य सरकार की आर्थिक सहायता पर निर्भर रहते हैं जिसके कारण विकास कार्य समय पर नहीं होते और शहर के नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि इंदौर नगर निगम जनता की पूंजी निवेश से शहर विकास कार्यों को संपन्न कर रहा है। ग्रीन बांड जारी करके इंदौर नगर निगम ने यह साबित भी किया है इसके साथ ही नगर निगम ग्रीन बॉन्ड पर निवेशकों को अच्छा खासा ब्याज भी दे रहा है आने वाले 1000 करोड़ के बांड पर भी नगर निगम शासकीय बैंक ब्याज दरों से कई अधिक ब्याज निवेश पर देगा। देश के नागरिकों ने पहले भी इंदौर नगर निगम पर भरोसा जताया। नगर निगम को 244 करोड रुपए की आवश्यकता 60 मेगावाट के प्लांट लगाने के लिए थी, जब बॉन्ड जारी किया गया तो निगम को 700 करोड रुपए से अधिक का निवेश मिला।

### ग्रीन बॉन्ड का सफल रहा अनुभव

इंदौर नगर निगम ने फरवरी 2023 में 244 करोड़ रुपये के ग्रीन बॉन्ड जारी किए थे, जिन्हें निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला और यह करीब छह गुना अधिक सब्सक्राइब हुए। इसी राशि से जलूद में 60 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया गया, जिससे निगम को हर महीने लगभग 5 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। वर्तमान में निगम ग्रीन बॉन्ड पर निवेशकों को 8.25 प्रतिशत ब्याज दे रहा है तथा इसके बदले 61 करोड़ रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त हुई थी।

### तीन माह में पूरी होगी प्रक्रिया

नगर निगम का लक्ष्य अगले तीन माह में ब्लू बॉन्ड जारी करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर निवेशकों से पूंजी जुटाना है, ताकि नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का कार्य समय पर शुरू हो सके।

महापौर परिषद से ब्लू बॉन्ड प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। तीन माह में प्रक्रिया पूरी होगी। निवेशकों से पूंजी जुटाकर नर्मदा परियोजना के चौथे चरण को गति देंगे।

**-पुष्यमित्र भार्गव**, महापौर, इंदौर

# कसेरा बाजार स्कूल में विद्यार्थियों के लिए बनी परिषद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में इस वर्ष भर के शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों के हित में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस परिषद के गठन में चार हाऊस बनाकर अलग-अलग कैप्टन बनाए गए हैं, जिसमें इन चार हाऊस में गतिविधियां संचालित होगी। रेड हाऊस में वंशिका वर्मा, येलो में योगिनी बत्रा, ग्रीन हाऊस में फरदीन शेख, ब्लू में देवांग तेलांग कैप्टन नियुक्त हुए हैं। वहीं वाइस कैप्टन में ग्रीन में अक्षत महाडिक, ब्लू में जय साहू, रेड में इशान श्रीवास्तव, येलो में आदित्य घोड़के को जिम्मेदारी दी गई है। लैंग्वेज प्रीफिक्ट में रेड हाऊस में दृष्टि झामानी, येलो समर माहेश्वरी, ग्रीन देवश्रुति शर्मा और ब्लू हाउस में मिष्ठी चौहान, स्पोर्ट प्रीफिक्ट में रेड में दिव्यांश चौधरी, येलो में सौम्य चोलकर ,ग्रीन में कृष्णा भालेराव, ब्लू में दक्ष माकोड़े, कल्चर प्रीफिक्ट रेड में अनन्या जोशी, येलो में जानवी बड़ोले, ग्रीन में तोषाण सोलंकी, ब्लू में कृतिका राठौर को जिम्मेदारी दी गई। हेड बॉय के रूप में आदित्य शुक्ला, हेड गर्ल में अनुष्का कटारिया को जिम्मेदारी के बाद मंच से इन सभी को शपथ दिलाई गई कि वर्ष भर वे अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। इस दौरान प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर और अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।




## चातुर्मास कलश स्थापना कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आचार्य श्री 108 सुनील सागर म.सा. और संघ के चातुर्मास का आयोजन घुंघट गार्डन आरटीओ रोड पर किया जाना है। कल चातुर्मास कलश स्थापना के आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहेंगे।

# माहेश्वरी कुटुंब की कावड़ यात्रा में शामिल होंगे समाजजन

### *अगले रविवार को होने वाले आयोजन के लिए लगातार बैठक के दौर*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी कुटुंब परिवार से जुड़े शारदा प्रकाश अजमेरा ने बताया कि 9 अगस्त रविवार को सावन मास में निकलने वाली कावड़ यात्रा इस बार स्कीम नं. 71 के परस्पर गार्डन से सुबह 9 बजे निकाली जाएगी। अजमेरा दम्पति ने कहा कि इस बार 2 हजार माहेश्वरी समाजजनों के शामिल होने की संभावना है। इस यात्रा में उज्जैन से ढोल-नगाड़े आएंगे, झांकियां और डीजे की टीम भी शामिल होगी। मातृशक्तियों को साड़ियों का वितरण किया जा रहा है, जिससे एक जैसी साड़ियों में मातृशक्तियां शामिल हो। यह कावड़ यात्रा शिव मंदिर गुमाश्ता नगर पहुंचेगी, जहां भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर लगातार बैठक के दौर चल रहे हैं, तैयारियां की जा रही है।

# जैन समाजजन रहेंगे संगीतमय भावयात्रा में कल मौजूद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री सौधर्म बृहत्पोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ द्वारा केशरी वाटिका बिजासन रोड पर रोजाना धर्मसभा सिद्धरत्न विजयजी म.सा. द्वारा आयोजित की जा रही है। संत के प्रवचन रोजाना जैन समाजजनों द्वारा सुने जा रहे है। आज सुबह प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। कल अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान की संगीतमय भावयात्रा होगी। राजेश जैन युवा, महेन्द्र बागवाला, नीरज सुराणा, आरती चंडालिया, रितेश लुंकड़, यशवंत बोड़ाना, मनीष वया, सुनील अंबोर, पवन सुराणा, हीरालाल बाफना, राजेंद्र अंबोर, महेश पिपाडा, मुकेश पिपाडा सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन साध्वी के प्रवचन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महावीर बाग, एरोड्रम रोड पर साध्वी सुभद्राश्रीजी म.सा. के चातुर्मास प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 9.15 से 10.15 तक हो रहे है। जैन समाजजन भी पहुंच रहे है। सतीश हुंडिया, डूंगरचंद हुंडिया, राजेन्द्र गांधी, हेमन्त मालू, आशा कोठारी,मालती चौपड़ा कविता गोलेछा मौजूद थे।

## रोटरी क्लब का शपथ विधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि पुलिस अधिकारी सुभाष सिंह और शपथ अधिकारी गजेन्द्र नारंग थे। अध्यक्ष चन्द्रमोहन विजयवर्गीय, सचिव हर्षवर्धन लिखिते को पिन लगाकर शपथ दिलाई गई। संस्कार कोठारी, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल, पुरुषोत्तम वाघमारे, नितिन डफरिया, शरद मल्होत्रा, सोहन लाल पारेख, डॉ. बीके बाँद्रे, डॉ. सुधींद्र मोहन शर्मा, बेला गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।



# सिंधी पंचायत का तैयार फिजियोथैरेपी सेन्टर का कल शुभारम्भ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी पंचायत पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत, श्री जेकब आबाद जिला पंचायत सिंधी ट्रस्ट ने डिजिटल फिजियोथैरेपी सेंटर का निर्माण कराया। जिसका शुभारम्भ कल रविवार को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। महेश राजपाल, गोपालदास परियानी, वासुदेव हरगुनानी, अमृतलाल हिरानी ने बताया कि आबाद भवन में परमार्थिक चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाती है। चिकित्सालय में लैब का भी संचालन होता है। डिजिटल फिजियोथैरेपी सेंटर से समाजजनों और आने वालों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। दीवान मिरचंदानी, अनिल पाहुजा, चंद्रकुमार चुग, प्रतापराय मेघानी, वासुदेव वाधवानी, गुरमुखदास लालवानी, रामचंद्र राजानी, रामश्री, मोतीराम थदानी, प्रीतम सीतलानी, अशोक चावला, मनोहर पमनानी, टोपनदास करमचंदानी भी कल के आयोजन से जुड़े है।



# लश्करी मंदिर से निकला मंगल प्रवेश जुलूस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सुबह लश्करी मंदिर गोराकुण्ड से जैन संत मुनि 108 साध्यसागर म.सा. का बीसपंथी जैन मंदिर मल्हारगंज में मंगल प्रवेश हुआ। संत की अगवानी के लिए जैन समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन से दिगम्बर जैन महासमिति विहर्ष सागर भक्त मंडल, पुलक मंच सहित अन्य जुड़े रहे। वीरेन्द्र बड़जात्या, जयदीप जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, जैनेश झांझरी, एमके जैन, मनोज काला, कमल रॉंवका, डीकी जैन, सुनील गोधा, राजेश पांड्या, अजयपाल टोंग्या, कमल काला, राकेश विनायका, रितेश पाटनी, अजय रॉंवका, शिरीष जैन, कैलाश वेद, वैभव कासलीवाल, अभय झांझरी, धर्मेन्द्र पाटनी, नीरज मोदी,राजेन्द्र सोनी,पारस पांड्या, मनोहर झांझरी,पवन पाटोदी, प्रमोद पापड़ीवाल, कीर्ति पांड्या, अज्जू जैन सहित बड़ी संख्या जैन मातृशक्तिया भी मौजूद रही।



# पालीवाल समाज निकालेगा कावड़ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी उत्सव समिति के तत्वाधान में 14 से 19 अगस्त 6 दिनों तक कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। 15 अगस्त को ब्रह्म मुहूर्त में नर्मदा का जल लेकर ओंकारेश्वर से रवाना होकर यह दल प्रथम विश्राम बाईग्राम खंडवा रोड पर करेगा। 19 अगस्त को सुबह जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा में कुल 4 विश्राम होंगे, इसके लिए समाजजनों का पंजीयन भी कराया जा रहा है। आयोजन से राकेश जोशी, ललित पुरोहित, शांतिलाल जोशी, हरलाल पालीवाल जुड़े हुए हैं।

## कलश स्थापना के लिए भोपाल रवाना होंगे दिगम्बर समाजजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आचार्य समयसागर म.सा. का चातुर्मास भोपाल में हो रहा है। कल चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना हबीबगंज विद्योदय तीर्थ पर दोपहर 1 बजे होगी। इसके लिए इन्दौर से कई दिगम्बर समाजजन भोपाल के लिए सुबह 6 बजे बसों से रवाना होंगे। उक्त जानकारी सतीश जैन और पिंकेश टोंग्या ने दी।

## कल नेत्र परीक्षण शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आरोग्य भारती द्वारिका जिला इंदौर महानगर सहयोगी संस्था चोइथराम नेत्रालय द्वारा नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन को लेकर शिविर कल सुबह 10 से 1 बजे तक ऋषि नगर-कुशवाह नगर पर आयोजित होगा। इस तरह का दूसरा शिविर 9 अगस्त रविवार को भी अवंतिका नगर स्कीम नं. 51 में आयोजित होगा। डॉ. आरएन मिश्रा ने उक्त जानकारी दी।

## प्लास्ट पैक तैयारियों को लेकर मिला प्रतिनिधि मंडल



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी प्लास्ट पैक की तैयारियों को लेकर इंडियन प्लास्ट पैक फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल अधिकारी प्रीति यादव से मिला। आयोजन को लेकर चर्चा सचिन बंसल, हितेश मेहता, जाहिद शाह, संजीव सचदेवा ने की।




# विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी की शपथ और सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ, इंदौर की नवीन कार्यकारिणी में लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए चैनसिंह यादव एवं राकेश सिलावट, कमल जायसवाल, प्रकाशचंद्र सूर्य, महेश श्रीवास, राम मनोरथ बेगा एवम कार्यकारिणी में नितेश सिरसाठ, अजय सिंह मुजाल्दा, उन्मेश भालेराव, कमलेश हार्डिया, सूरज कुशगोतिया, कमलसेन अहिरवार, संतोषसिंह रघुवंशी, सुरेश गुहे, महेन्द्र श्रीवास्तव, दुर्गेश जोशी और दीपक मेहता सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय, ओबीसी पिछड़ा वर्ग मोर्चा मध्य प्रदेश एवं यादव समाज की ओर से सम्मान किया गया। सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद जादम सैनी, रमेशचंद्र आसिरवाल, सहित अन्य मौजूद थे।

# सवा करोड़ राम-नाम जाप किया

## अमेरिका और जर्मनी के साधकों की भी दिखी भक्ति



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नीम करौरीधाम इंदौर पिगडंबर में श्रावण मास में सौ करोड़ राम का नाम जाप शुरु हुआ। एक ही दिन में सवा करोड राम-नाम का जाप किया गया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि दो अमेरिका एवं जर्मनी के साधकों ने भी राम नाम का जाप किया। प्रमोद झा ने बताया कि 560 से अधिक राम भक्तों ने सवा करोड राम-नाम का जाप किया। 30 दिन में 100 करोड राम-नाम जाप पूरे करना है। 100 करोड राम-नाम जाप पर विश्व रिकार्ड बनेगा। कुछ भक्त राम-नाम जाप में आनलाइन भी जुड़ रहे है। हर साधक पर राम-नाम की गिनती की मशीन भी लगाई गई है।

## जाग्रति मिशन में कल होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व जागृति मिशन मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल 2 अगस्त रविवार को मनाया जाएगा। कृष्णमुरारी शर्मा, घनश्याम पटेल, दिलीप बडोले,अनिल शर्मा सत्यनारायण मारू ने बताया कि कल सुबह 10 बजे से धार रोड स्थित बालकृष्ण बाग में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। रामस्नेही संत, गोपालराम महाराज, गोविन्दराम महाराज गुरु की महिमा बताकर सदमार्ग पर चलने का संदेश देंगे। महेश शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे।



## 44 वर्षो की सेवा के बाद विदाई पर सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोक निर्माण विभाग में 44 वर्षों की सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ अधिकारी एस.एन. सोनी के सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच सहकर्मियों ने सोनी का स्वागत किया। अधिकारी आरएस रावत, एसआर साल्वे और अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## हारून सर का विदाई समारोह

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय स्कूल चंदन नगर के प्राथमिक शिक्षक हारून रशीद की सेवानिवृत्ति पर उन्हें शिक्षकों व स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गई। मनीष जोशी, हलदर, आरेफा अंसारी, नजमा कुरैशी, फरीदा हुसैन, उस्मान शेख, सिद्दीक, आयशा सुल्ताना, आरती इरवार, इरशाद मेडम, रेशमा खान, करूणा जोशी, मिश्रा मेडम समीर मौजूद रहे। संचालन साजिद अली ने और आभार अर्जुमंद कुरैशी ने माना।



## पालीवाल समाजजन कर रहे है रुद्राभिषेक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के तत्वावधान में उत्सव समिति द्वारा अन्नपूर्णा मंदिर पालीवाल भवन स्थित श्रीनागेश्वर महादेवजी का पूरे सावन मास में रुद्राभिषेक रोजाना शाम 5.30 से 7 बजे तक किया जा रहा है। आयोजन से राकेश जोशी, ललित पुरोहित, शांतिलाल जोशी, हरलाल पालीवाल सहित अन्य जुड़े हुए है।



# रहवासियों ने चलाया जागरूकता अभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा नशे से मुक्त हो हमारा प्रदेश अभियान के तहत जावरा कंपाउंड निवासी संघ के तत्वावधान में नशा मुक्ति पर जागरूकता का आयोजन किया गया। संजय अरोडा ने बताया कि अतिथि पुलिस अधिकारी ममता कामले, रमेश चौहान, संध्या, विवेक द्विवेदी थे।




# अग्र बंधुओं ने किया स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र सेवा सारथी द्वारा संरक्षक किशोर गोयल के हाथों अग्रवाल समाज के 150 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरण किया गया। अजय मंगल,सचिन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रकाश ऐरन, सत्यनारायण अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, रितेश बंसल, राजेंद्र अग्रवाल मौजूद थे।

## सुख्यानी को पीएचडी की उपाधि



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एडवोकेट एवं प्रो. राहुल सुख्यानी को पीएचडी की उपाधि सेज यूनिवर्सिटी से प्राप्त हुई। डॉ. नीति निपुना सक्सेना का सहयोग रहा। पूर्व से कई शैक्षणिक डिग्रियां सुख्यानी के पास है। डॉ. पंकज वाधवानी, शारदा सुमन, मधुर जैन, डॉ. मयूर राठी, ब्रजेश गुप्ता, राहुल ठाकुर, पंकज जयपाल, संदीप जयपाल, दीप्ति शर्मा ने बधाई दी।

## पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और अभिषेक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम परदेशीपुरा में सावन मास में रोजाना पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है एवं उनका अभिषेक भी हो रहा है।





## बिजली अधिकारियों की विदाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी पवन जैन,जेपी तारे को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। वर्षा खानविलकर ने संचालन किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिविर



इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाणगंगा में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हुकुमचंद जोन के जोनल अधिकारी डॉ. रूपेंद्रत पटेल एवं संस्था प्रभारी डॉ. शेफाली ओझा व अन्य स्टॉफ मौजूद रहे। शिविर में अनेक हितग्राहियों ने लाभ लिया।

# पूरे माह शिव पूजन के लिए मिलेगा 'शुद्ध गंगा जल'

## डाकघर में 250 एमएल पैक बंद छोटी गंगा जल बॉटल की कीमत है मात्र 30 रु.

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर में जीपीओ पोस्ट ऑफिस प्रधान डाकघर में शिव भक्तों को पवित्र सावन मास में शिव पूजन के लिए पूरे मास हरिद्वार का शुद्ध गंगाजल मिलेगा। 250 एमएल पैक बंद छोटी गंगाजल बॉटल की कीमत महज 30 रुपए नाग प्रति बोतल रखी गई है। वही खास बात यह है कि जीपीओ पोस्ट ऑफिस में प्रथम मंजिल पर सावन मास में अलग से काउंटर लगाकर गंगाजल की बिक्री करने के लिए काउंटर शुरू हो गया है। गौरतलब है कि डाकघर में श्रद्धालुओं के लिए सेवा भाव के उद्देश्य से सावन मास के पावन अवसर पर हरिद्वार गंगोत्री का शुद्ध गंगाजल विशेष रूप से शिव भक्तों के विश्वास और विशेष पूजन के लिए पूरे समय पर्याप्त स्टॉक में उपलब्ध रहेगा।

पंडित भरत भानु जोशी ने बताया सावन मास में शिवपूजन के लिए गंगाजल का विशेष महत्व रहता है। साथ ही मान्यता है कि शुद्ध गंगा जल से सावन मास में पूजन करने से शिवजी प्रसन्न होते है और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। अजय बापना ने बताया डाकघर में अलग से काउंटर लगाकर गंगाजल वितरण की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए विशेष रूप से अलग से काउंटर बनाए गया है। जहां से गंगाजल का वितरण कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा मनकामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर और छावनी थाने के सामने वाले शिव मंदिर पर सावन सोमवार के दिन विशेष रूप से काउंटर लगाकर भी शुद्ध गंगाजल की बिक्री के लिए गंगोत्री के गंगाजल की उपलब्धता रहेगी। इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं कि हर साल की तरह विशेष रूप से खास मंदिरों पर टेबल लगाकर भी सावन सोमवार के दिन विशेष रूप से गंगाजल बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की भी प्लानिंग की जा रही है। वही बड़ी बात यह है कि डाकघर के शुद्ध गंगाजल की जबरदस्त डिमांड रहती है।



### *अलग काउंटर पर बिक्री के लिए रहेगी उपलब्धता*

*जीपीओ पोस्ट ऑफिस के पीआरओ अजय कुमार बाफना ने बताया हर वर्ष की तरह इस साल भी सावन मास की शुरुआत के साथ डाकघर में आने वाले सभी भक्तों के लिए गंगोत्री का पवित्र शुद्ध गंगाजल पर्याप्त मात्रा में पूर्ण स्टॉक के साथ पूरे समय उपलब्ध रहेगा। यही नहीं इसकी बिक्री के लिए बाकायदा इसके लिए अलग से काउंटर भी शुरू किया है।*

# गैस लाइन के लिए खुदाई ने बिगाड़ी फुटपाथ की सूरत

## मामला रेसीडेंसी-रेडियो कॉलोनी का, मेन गेट से सर्किट हाउस गेट तक उखाड़ दिए अच्छे भले ब्लॉक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रेसीडेंसी क्षेत्र में सौंदर्यकरण और साज-सजावट के अंतर्गत पिछले दिनों रेडियो कॉलोनी गेट से लेकर सर्किट हाउस गेट तक फुटपाथ संवारने का काम किया गया था। जिसके अंतर्गत रेसीडेंसी प्रबंधन द्वारा कलेक्टर के बंगले के सामने से लेकर रेसीडेंसी मेंनगेट मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर तक फुटपाथ संवारने को लेकर लाखों रुपए खर्चकर पुराने ब्लाक उखाड़कर नए लगाने का काम किया था। वहीं अब पिछले दिनों अवंतिका गैस एजेंसी द्वारा लाइन डालने के लिए खुदाई कर यहां बने फुटपाथ की ऐसी सूरत बिगाड़ी कि दोबारा सुधार तक नहीं किया, जिसको लेकर रेसिडेंसी क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी है।



### पहले यातायात पार्क के सामने के फुटपाथ संवारने का किया था काम

जबकि पहले रेसीडेंसी क्षेत्र में मेंन रोड पर रेडियो कॉलोनी गेट से लेकर रेसीडेंसी सर्किट हाउस गेट तक सालों पुराने पुराने टूटे-फूटे ब्लॉक उखाड़ कर नए ब्लॉक लगाकर आकर्षक फुटपाथ तैयार करने का काम शुरू किया गया था। वहीं अवतिका गैस एजेंसी ने अपने काम के लिए खुदाई के बाद दोबारा फुटपाथ पर लगे ब्लाक लगाकर सुधार कार्य नहीं किया। गौरतलब है कि इससे पहले निगम द्वारा रेसीडेंसी क्षेत्र में पानी की टंकी के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर फुटपाथ संवारने का काम किया था। जिसके अंतर्गत न्यायाधीशों के बंगलो के सामने और एमपीपीएससी के अफसरों के बंगलो के सामने तक फुटपाथ संवारने के लिए आकर्षक नए पूरे ब्लॉक लगाए गए थे। वही अब कलेक्टर बंगले के सामने से लेकर रेसीडेंसी कोठी क्षेत्र के सर्किट हाउस के सामने वाले गेट तक के बड़े हिस्से में सालों नए ब्लॉक लगाकर खूबसूरती और सुंदरता के कार्य के तहत नवीन फुटपाथ का निर्माण किया गया था जिसकी हालत खराब कर दी, जिससे लोगों में नाराजगी है।

# पालीवाल नगर टंकी के पास खाली पड़ी जमीन पर मिलेगी बगीचे की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 42 के अंतर्गत आने वाले पालीवाल नगर में पानी की टंकी के पास खाली पड़ी जमीन पर अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द नया बगीचा बनेगा। क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर वार्ड की पार्षद मुद्रा शास्त्री और विधायक महेंद्र हार्डिया के लगातार प्रयासों से अब पालीवाल नगर सहित आसपास की आधा दर्जन कालोनियों के रहवासियों को घर के नजदीक एक और नवीन बगीचे की सौगात मिलने वाली है। जहां वर्तमान में पानी की टंकी के पास खाली पड़ी भूमि पर लाखों रूपए खर्चकर आधुनिक सुविधाओं के साथ एक नया भव्य बागीचा निर्माण को लेकर काम शुरू करेंगे। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया भी जारी हो गई है। कहा जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द 15 अगस्त से पहले निविदा संबंधित प्रक्रिया के बाद बगीचा निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके अंतर्गत यहां खाली पड़ी जमीन पर बगीचा बनाने का काम शुरू किया जाएगा। जिसमें पहले चरण में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री वॉल के निर्माण के साथ हरियाली के लिए जन सहयोग से पेड़-पौधे लगाने का काम होगा। इसके अलावा बगीचे में बैठक व्यवस्था के लिए नई डिजाइन वाली बेंच लगाई जाएगी। लोगों के सुबह शाम घूमने के लिए लंबा चौड़ा पाथवे बनवाया जाएगा। बगीचे में रोशनी के लिए नए डिजाइन वाले बिजली के पोल लगाकर लाइटिंग लगाई जाएगी। सुबह - शाम व्यायाम और कसरत के लिए विधायक हार्डिया की विधायक निधि से जिम के आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इसके अलावा बगीचे में शानदार बैठक व्यवस्था और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी ऑफिशियल पट्टी लगाने की भी प्लानिंग है, जो आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासियों को नजर आएगी।



# राष्ट्रीय कागज़ दिवस : कागज़ से नहीं, भ्रांतियों से बचने की आवश्यकता है

*प्रतिवर्ष 1 अगस्त को राष्ट्रीय कागज़ दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल कागज़ उद्योग या व्यापार से जुड़े लोगों का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का है, क्योंकि कागज़ हमारे ज्ञान, शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता का आधार है। आज जब पर्यावरण संरक्षण पूरी दुनिया की सबसे बड़ी चिंता बन चुका है, तब कागज़ को लेकर अनेक भ्रांतियाँ भी तेजी से फैल रही हैं। सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि कागज़ का अधिक उपयोग करने से जंगल समाप्त हो रहे हैं, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। भारत में बनने वाले कागज़ का लगभग 75 प्रतिशत पुनर्चक्रित (रद्दी) कागज़, 10 प्रतिशत कृषि अवशेषों (जैसे गन्ने की खोई, गेहूँ एवं धान की भूसी) तथा केवल 15 प्रतिशत विशेष रूप से लगाए गए पेड़ों (ईर्ह्रूग्दह ेंदद्) की लकड़ी से तैयार किया जाता है। यह लकड़ी प्राकृतिक या सरकारी वनों से नहीं, बल्कि किसानों द्वारा उगाए गए वृक्षों और सामाजिक वानिकी (एदर्म्ग्त ' ईर्स् इर्दीूब) के माध्यम से प्राप्त होती है। यही कारण है कि कागज़ उद्योग देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने, किसानों की आय बढ़ाने तथा हरित आवरण के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।*

*दूसरी ओर, सार्वजनिक वनों से काटे जाने वाले अधिकांश पेड़ों का उपयोग इमारती लकड़ी, फर्नीचर और निर्माण कार्यों में होता है। इसलिए यदि पर्यावरण संरक्षण की बात की जाए, तो हमारा ध्यान उन क्षेत्रों पर अधिक होना चाहिए जहाँ प्राकृतिक वनों पर वास्तविक दबाव पड़ता है।*

*कागज़ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह 100 प्रतिशत पुनर्चक्रण योग्य (ींम्ब्र्त्ति) और जैव-अवक्रमणीय (ँग्दुीत) है। उपयोग के बाद इसे बार-बार पुनः कागज़ में बदला जा सकता है। यही कारण है कि विकसित देशों में भी कागज़ के पुनर्चक्रण और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।*



**गगन गुप्ता, अध्यक्ष**
**इंदौर पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन, इंदौर**

*शिक्षा, न्याय व्यवस्था, बैंकिंग, चिकित्सा, प्रशासन, शोध, साहित्य, धार्मिक ग्रंथ, संविधान, अभिलेख, मानचित्र और करोड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई इन सभी का आधार आज भी कागज़ है। डिजिटल तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन ज्ञान के स्थायी संरक्षण और विश्वसनीय दस्तावेज़ीकरण में कागज़ की भूमिका आज भी अपरिवर्तनीय है। कागज़ का विवेकपूर्ण उपयोग पर्यावरण के विरुद्ध नहीं, बल्कि उसके पक्ष में है। जितनी अधिक मांग होगी, उतना ही अधिक नियोजित वृक्षारोपण होगा, किसानों को अतिरिक्त आय मिलेगी और हरित क्षेत्र का विस्तार होगा। इसलिए आवश्यकता कागज़ का बहिष्कार करने की नहीं, बल्कि 'कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनर्चक्रण करें' की भावना को अपनाने की है। इन्हीं तथ्यों को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से इंदौर पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से विद्यालयों में जागरूकता सेमिनार, चित्रकला प्रतियोगिताएँ, वृक्षारोपण अभियान, सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता आ रहा है।*

*राष्ट्रीय कागज़ दिवस पर आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि कागज़ का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, अधिक से अधिक पुनर्चक्रण को अपनाएँगे और वृक्षारोपण को बढ़ावा देंगे। पर्यावरण संरक्षण का वास्तविक मार्ग कागज़ का बहिष्कार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच, जिम्मेदार उपयोग और अधिक से अधिक हरित आवरण के निर्माण से होकर गुजरता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम भ्रांतियों के स्थान पर तथ्यों को स्वीकार करें। कागज़ पेड़ों को समाप्त नहीं करता, बल्कि नियोजित वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करता है। जितना अधिक कागज़ पुनर्चक्रित होगा और जितनी अधिक उसकी जिम्मेदारीपूर्ण खपत होगी, उतना ही अधिक वृक्षारोपण, किसानों की आय, हरित आवरण और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा।*

*आइए, इस राष्ट्रीय कागज़ दिवस पर यह संदेश जन-जन तक पहुँचाएँ—*

*'पेड़ काटकर नहीं, पेड़ लगाकर कागज़ बनता है।'*

*'कागज़ का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग ही हरित, समृद्ध और सतत भविष्य की मजबूत नींव है।'*

संपादकीय

## हाईवे बढ़े, हादसे भी बढ़े: 2025 में 5.13 लाख सड़क दुर्घटनाएं, आखिर सड़क सुरक्षा पर चूक कहां है?

सरकार अब ईंधन की खपत और वाहनों से प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रही है, लेकिन सड़क हादसों के मूल प्रश्न पर ध्यान कम ही दिया जा रहा है। दुर्घटनाओं के इन आंकड़ों से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार के लिए सिर्फ सड़कों का निर्माण ही प्राथमिकता है, सुरक्षा के पहलू का उसके लिए कोई महत्त्व नहीं है? सड़क एवं परिवहन सुविधाओं का विकास किसी भी देश की प्रगति, आर्थिक वृद्धि और सामाजिक उत्थान की रीढ़ होता है। व्यापार को गति देने, दूरदराज के क्षेत्रों को आपस में जोड़ने और आम जनजीवन को सरल बनाने में इसकी अहम भूमिका होती है। भारत में भी नई सड़कों के निर्माण और पहले से बने मार्गों के चौड़ीकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन सवाल है कि विकास के इस पथ पर सुरक्षित सफर की प्रतिबद्धता पीछे क्यों छूटती जा रही है? एक तरफ केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, तो दूसरी तरफ देश भर में सड़क दुर्घटनाएं साल-दर-साल बढ़ती जा रही हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बीते गुरुवार को लोकसभा में जो आंकड़े पेश किए गए, वे स्थिति के भयावह होने की ओर इशारा करते हैं। मंत्रालय के मुताबिक, देश में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.3 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान 5.13 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए, जिनमें 1.83 लाख से अधिक लोगों की जान चली गई। दुर्घटनाओं के इन आंकड़ों से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार के लिए सिर्फ सड़कों का निर्माण ही प्राथमिकता है, सुरक्षा के पहलू का उसके लिए कोई महत्त्व नहीं है? कहने को सरकार की ओर से सड़क हादसों को कम करने के लिए कई योजनाएं, कार्यक्रम और विशेष अभियान शुरू किए गए हैं, फिर क्या वजह है कि सड़कों पर लोगों की जान जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है! पिछले वर्ष देश में वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सबसे ज्यादा 82 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जो कुल सड़क हादसों का लगभग सोलह फीसद हैं। इस मामले में देखा जाए, तो राष्ट्रीय राजमार्गों और शहरी क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह वाहनों की गति मापने के लिए सीसीटीवी और दूसरे यंत्र लगाए गए हैं। ऐसे में अगर आज भी सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं वाहनों की तेज गति के कारण ही हो रही हैं, इसे किस तरह देखा जाएगा। जाहिर है कि जब किसी व्यवस्था की सही तरीके से निगरानी, देखरेख और उसके आधार पर ईमानदारी से सुधार की दिशा में कार्य नहीं होगा, तो सकारात्मक नतीजे की उम्मीद भी कैसे की जा सकती है! सरकारी रिपोर्ट से पता चलता है कि गलत दिशा में वाहन चलाने और लेन के नियमों का पालन न करने के कारण पिछले वर्ष करीब चार हजार सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि लाल बत्ती पार करने से 276 और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल की वजह से 136 सड़क हादसे हुए। इस वर्ष के पहले छह महीनों में भी देश भर में कुल सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 2.85 लाख को पार कर गया है। सवाल है कि अगर सड़कों पर यातायात नियमों का पालन नहीं हो रहा है, तो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? जिन सड़कों के निर्माण में खामियों और गड्ढों की वजह से हादसे होते हैं, उसके लिए कौन जवाबदेह है? सरकार की ओर से जब तक इन सवालों के उत्तर तलाशने के लिए ईमानदारी से प्रयास नहीं किए जाएंगे, तब तक सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना संभव नहीं होगा। सरकार अब ईंधन की खपत और वाहनों से प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रही है, लेकिन सड़क हादसों के मूल प्रश्न पर ध्यान कम ही दिया जा रहा है।

# युवक को झांसे में लेकर किया साइबर फ्रॉड

### गूगल मैप रिव्यू और टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तुकोगंज थाना क्षेत्र में पार्ट टाइम जॉब और टास्क पूरा कर घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठगों ने शुरुआत में पीड़ित के खाते में कुछ रुपये ट्रांसफर कर उसका विश्वास जीता और फिर टेलीग्राम के जरिए टास्क देने के नाम पर मोटी रकम जमा करा ली। जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो ठगों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर तुकोगंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, श्याम प्रभु वल्लभ नगर निवासी फरियादी अभिषेक पिता राजेंद्र गुप्ता ने थाने में साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर +1(555)9451566 से कॉल आया था, जिसमें गूगल मैप पर कंपनियों को रिव्यू देने का काम बताया गया था। शुरुआत में फरियादी को झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते में 151 रुपये की राशि ट्रांसफर की। इसके बाद आरोपियों ने अभिषेक को टेलीग्राम ऐप पर डायवर्ट कर दिया, जहां प्रणवी शर्मा नामक आईडी से उन्हें लगातार अलग-अलग प्रीपेड टास्क दिए जाने लगे। ज्यादा रिटर्न पाने के लालच में फरियादी ने आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में अपनी रकम जमा कराना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने काम पूरा होने के बाद अपने पैसे और मुनाफा वापस निकालने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने और रकम की मांग की और रुपये लौटाने से मुकर गए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।

## बदमाश ने घर के बाहर रखा लोहे का सामान पिकअप में भरा

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के फ्रीगंज मरीमाता में चोरी की एक अजीबोगरीब वारदात सामने आई है। फरियादी के घर के बाहर पाइपलाइन डालने के लिए रखीं लोहे की कीमती प्लेटें और गाडर चुराने के मकसद से आरोपी पिकअप वाहन लेकर पहुंच गया और सामान लादने लगा। आहट होने पर जब गृहस्वामी बाहर निकला और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा, तो आरोपी घबराकर गाड़ी व सामान छोड़कर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित की शिकायत पर बाणगंगा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आवाज से जागा मालिक, दूर से ललकारा तो सामान छोड़ भागे**

पुलिस के अनुसार, फ्रीगंज मरीमाता निवासी फरियादी नरेंद्र पिता सूरज प्रकाश वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उनके घर के सामने पाइपलाइन डालने का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके लिए लोहे की 10 प्लेटें और करीब 34 लोहे के गाडर बाहर रखे हुए थे। इसी दौरान मुखर्जी नगर निवासी आरोपी हेमंत एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 13 एएस 2541 लेकर आया और घर के बाहर रखा लोहे का सामान चोरी-छिपे पिकअप में लोड करने लगा। गाड़ी में भारी लोहा लादने की आवाज सुनकर जब फरियादी नरेंद्र वर्मा घर से बाहर निकले, तो उन्होंने आरोपी को अपना सामान ले जाते देखा। फरियादी ने जब तुरंत टोकते हुए पूछा कि तुम मेरा सामान कहां ले जा रहे हो, तो पकड़ाए जाने के डर से आरोपी हेमंत घबरा गया और मौके से भाग निकला। फरियादी की सजगता से लाखों रुपये के लोहे के गाडर व प्लेट्स चोरी होने से बच गए।

## डेढ़ लाख की ब्राउनशुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और क्रय-विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तुकोगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नेहरू पार्क के समीप घेराबंदी कर एक संदिग्ध एक्टिवा सवार युवक को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की अवैध ब्राउनशुगर बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**एक्टिवा सवार पर किया एनडीपीएस में प्रकरण दर्ज**

तुकोगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध मादक पदार्थ लेकर नेहरू पार्क क्षेत्र के आसपास डिलीवरी देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नेहरू पार्क के समीप घेराबंदी की और एक्टिवा सवार संदिग्ध को रोककर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीर पिता भरत मोहने निवासी बेकरी गली, झंडा चौक बताया। पुलिस टीम ने जब आरोपी समीर की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 13.59 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउनशुगर बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। तुकोगंज पुलिस ने मौके से अवैध ब्राउनशुगर के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही काले रंग की एक्टिवा गाड़ी क्रमांक एमपी 09 यूएम 7843 और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह नशा कहां से लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने जा रहा था।

## आश्रम में भंडारे को लेकर विवाद, युवक को पीटा

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के देवगुराड़िया स्थित एक आश्रम में भंडारे के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना नवनाथ बाबा के आश्रम ग्राम देवगुराड़िया में घटित हुई। कालानी नगर निवासी फरियादी सुमित पिता मुकेश साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महेश और गोकुल दोनों निवासी सागर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरियादी ने आरोप लगाया कि भंडारे की व्यवस्था को लेकर हुए मामूली विवाद में आरोपियों ने उसे गालियां देते हुए थप्पड़-मुक्कों से बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## शराब पीने से रोका तो पति ने पत्नी पर किया धारदार पत्ती से हमला

### दूसरी घटना में बुजुर्ग को पीटा, घर में की तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बेटमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावद में पति-पत्नी के विवाद में गंभीर हिंसा का मामला सामने आया है, जहाँ शराब पीने का विरोध करने पर एक कलियुगी पति ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी और धारदार लोहे की पत्ती से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया।

बेटमा पुलिस के अनुसार, पीड़िता रचना पति विश्वास राठौड़ की रिपोर्ट पर आरोपी पति विश्वास पिता नारायण राठौड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने पति को अत्यधिक शराबखोरी करने से मना किया, तो आरोपी आपा खो बैठा और गालियां देते हुए थप्पड़-मुक्कों से मारपीट करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने लोहे की धारदार पत्ती से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे गहरा घाव हो गया। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गया। वहीं दूसरी घटना महू थाना क्षेत्र के सीतानगर सुतारखेड़ी की सामने आई है, जहाँ तीन बेखौफ बदमाशों ने 75 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट करते हुए उनके घर में जमकर तोड़फोड़ की। महू पुलिस के मुताबिक, पीड़ित बुजुर्ग ओमप्रकाश पिता चुन्नीलाल कौशल की शिकायत पर आरोपी हर्ष पिता राजू पाटिल, मनोज पिता राजू पाटिल और अप्पू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने अकारण गाली-गलौज करते हुए बुजुर्ग के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपियों ने घर के दरवाजे और खिड़कियां तोड़कर भारी नुकसान पहुँचाया।

## म्यूजिकल ग्रुप देगा गीत-संगीत की प्रस्तुति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वीणा म्यूज़िक ग्रुप और स्टार फेन क्लब द्वारा किशोर कुमार के जन्मदिवस के पूर्व मेलोडियस संगीत कार्यक्रम 'सलामत रहे दोस्ताना हमारा...' का आयोजन कल 2 अगस्त, रविवार शाम 7 बजे संतोष सभागृह में किया जाएगा। गायक राजेश शर्मा, नासिर खान, जयमाला लाड, सपना जोशी, प्रकाश गुप्ता ग़ीतों की प्रस्तुतियां देंगे। हेमंत अग्रवाल, सतीश पाण्डे, राजेश मिश्रा गुड्डू अपनी भूमिका निभाएंगे। अतिथि शैलेष गर्ग, रामदयाल फरक्या, जगदीश धनोतिया, ठाकुर मनोहरसिंह चौहान, ओमप्रकाश गर्ग होंगे।

## ऑल इंडिया आइपीएससी स्क्वॉश स्पर्धा में इंदौर के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के अविरत न्याती ने मध्य प्रदेश का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी स्क्वॉश स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। देशभर के खिलाड़ियों ने बीच अविरत ने अपने तेजतर्रार खेल से पोडियम तक का सफर तय किया । इंदौर के ही डेली कॉलेज के सहर्ष शाहरा ने रजत पदक प्राप्त किया ।बालक वर्ग में आयोजित स्पर्धा में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती पेश की । स्पर्धा का पुरस्कार वितरण विद्यालय के निदेशक सिद्धार्थ सिंह के आतिथ्य में हुआ । सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर विद्यालय के खेल अधिकारी अकरम खान सहित विभिन्न विद्यालयों के कोच, टीम मैनेजर, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे । अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल में दिल्ली के मॉडर्न स्कूल के अभ्युदय अरोड़ा ने डीपीएस आरकेपुरम के रुद्रांश प्रभाकर को एकतरफा मुकाबले में 11-5, 11-5 और 11-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया । तीसरे स्थान के मैच में मेजबान द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के अविरत न्याती ने असम वैली स्कूल के टाबे रिखाम तारह को 11-5, 11-3, 11-4 से शिकस्त दी ।



## राजस्व शिविर में 192 प्रकरणों का निराकरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले में तीन जगह राजस्व शिविर के आयोजन कराए। राजस्व संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए 192 राजस्व प्रकरणों का हल किया गया। जिले के हातोद तहसील के ग्राम सुमठा, खुडैल तहसील के खुड़ैल खुर्द तथा महू तहसील के मानपुर में राजस्व जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए।

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2025 (भाग-2) का आयोजन 2 अगस्त(रविवार) को ऑफलाइन पद्धति से किया जाएगा। परीक्षा अग्रांकित 6 विषयों के लिए दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से तथा द्वितीय सत्र दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक इंदौर एवं भोपाल संभाग के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा के 90 मिनट पहले केन्द्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थी की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से तलाशी तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएंगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रवेश से पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर अनुमति एवं प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची प्रदर्शित रहेगी, जिसका पालन करना अनिवार्य होगा।

# अंतरशालेय अंडर-14 फुटबॉल चयन प्रतियोगिता जारी

**इंदौर ।** द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में अंतरशालेय अंडर-14 बालक एवं बालिका फुटबॉल चयन प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक जारी है । प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

इस चयन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य इंदौर जिले की अंडर-14 बालक एवं बालिका फुटबॉल टीम का गठन करना है । चयनित खिलाड़ी आगामी संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे ।



प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, फिटनेस, टीमवर्क और मैच प्रदर्शन का मूल्यांकन विशेषज्ञ चयन समिति द्वारा किया जा रहा है । प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।

# गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर कार्रवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रिफिलिंग एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कल खाद्य विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल ने कार्रवाई की।

अधिकारी एनएस मूवेल, अंकुर गुप्ता, सुचिता दुबे ने सागौर कुटी, धर्मकुंज गेट के पास स्थित एक परिसर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान गुलाब शाह द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण एवं कारोबार किया जाना पाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध रूप से संग्रहित 17 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। गुलाब शाह पर कार्रवाई की गई।





# मृदुल व अनिका को टेटे खिताब

**इंदौर ।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में सत्र की तृतीय इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में बालक अंडर-15 आयु वर्ग के फायनल मुकाबलें में मृदुल ने रक्षत को तथा बालिका अंडर-15 आयु वर्ग में अनिका ने आरवी को हरकार खिताबी सफलता अर्जित की ।

बालक अंडर-15 आयु वर्ग में फायनल मुकाबलें में मृदुल पुरोहित ने रक्षत चावडा को 3-0 से हराकर खिताब जीता। सेमीफायनल में मृदुल पुरोहित ने सार्थक खरे 3-2 से तथा रक्षत ने आरव कासठ को 3-1 से हराया ।

बालिका अंडर-15 आयु वर्ग के फायनल मुकाबलें में अनिका माहेश्वरी ने आरवी जैन को 3-0 से हराया । सेमीफायनल में अनिका ने नेहल नाहर को 3-1 से तथा आरवी ने सिद्धी भदौरिया को 3-0 से परास्त किया।

बालक अंडर-17 आयु वर्ग के प्री-क्वार्टर फायनल मुकाबलों में राघव राठौर ने समीर सैयद को 3-1 से, अर्थव सिंह ने अर्णव शेलगांवकर को 3-0 से, लक्ष्य भदोरिया ने आर्जव पाठक को 3-1 से, मीत मिमरोट ने सार्थक खरे को 3-0 से, आरव कासठ ने रक्षत चावडा को 3-2 से, रीदम गढिया ने कोनजेनबम को 3-0 से हराकर क्वार्टर फायनल में जगह बनाई।

बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के प्री-क्वार्टर फायनल में हिया पटेल ने अकांक्षा ठाकुर को 3-0 से, सिद्धी भदौरिया ने नेवेद्य भारती को 3-0 से, नेहल नाहर ने किया शाह को 3-0 से, अनिका माहेश्वरी ने अहाना बंसल को 3-0 से, रीत इंगले ने दिविशा कुसुमाकर को 3-0 से, आरवी जैन ने दीशा रघुवंशी को 3-1 से, सानवी सिंघल ने अनाया सेठीया को 3-0 से, आराध्या राजपुत ने सिदीक्षा जैन को 3-0 से हराकर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया।

# हिरवानी और खुरासिया के सिखाए गुर आ रहे हैं काम

## भारतीय क्रिकेट टीम में सिलेक्ट हुए सारांश जैन ने पिता को बताया अपना आदर्श

**इंदौर।** श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित ऑल राउंडर सारांश जैन शुक्रवार को मीडिया से रूबरु हुए। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रीलंका के विरुद्ध खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज में उन्हें अंतिम 11 खिलाड़ियों में मौका मिलेगा और वह अपने करियर का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी सफलता का क्रेडिट अपने पिता को दिया। सारांश जैन के पिता सुबोध कुमार जैन मुंह के कैंसर से जब जूझ रहे थे उस समय सारांश एमपीसीए के टूर में ऑस्ट्रेलिया गए हुए थे। उस समय परिवार ने उन्हें नहीं बताया कि पिता के कैंसर का ऑपरेशन चल रहा है। सारांश जब इंदौर लोटे तो वह इस बात से बहुत नाराज़ हुए। सारांश ने बताया की उनके पिता ने कहा की वह जितना अच्छा क्रिकेट खेलेगा वह उतनी जल्दी ठीक हो जाएंगे। सारांश ने इसीलिए अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। उन्होंने बताया कि पिता के साथ साथ नरेंद्र हिरवानी और अमय खुरासिया ने उन्हें गेंदबाजी के गुर सिखाए हैं। प्रसिद्ध गेंदबाज़ रविचन्द्रन अश्वीन और हरभजन सिंह उनके आदर्श खिलाड़ी हैं।



उन्होंने बताया कि हाल ही में हरभजन सिंह ने उन्हें मंत्र दिया है कि कुछ पाने के लिए खोना नहीं कुछ करना पड़ता है। इसी बात को उन्होंने अपने जीवन में ढल कर मेहनत को दोगुना कर दिया है। भारतीय टेस्ट टीम में चयन की खुशी सारांश जैन के चेहरे पर साफ दिखाई दी। उन्होंने बताया कि जिस दिन टीम का ऐलान हुआ उस दिन वे इंदौर के गुमास्ता नगर नाकोड़ा जैन मंदिर एवं रणजीत हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए थे। मंदिर से लौटकर जैसे ही गाड़ी में बैठे सोशल मीडिया पर अपने चयन की खबर देखी। शुरुआत में उन्हें भरोसा नहीं हुआ, लेकिन लगातार आने वाले फोन कॉल और बधाई संदेशों ने इस ऐतिहासिक पल को सच साबित कर दिया। सारांश ने कहा कि यह पल उनके और पूरे परिवार के लिए बेहद भावुक था। उन्होंने कहा कि इंदौर हमेशा से खेल प्रतिभाओं की धरती रहा है और अब उनकी कोशिश होगी कि भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम दुनिया भर में और ऊंचा करें। सारांश ने अपने बड़े भाई, पूरे परिवार और मध्यप्रदेश टीम के कोच चंद्रकांत पंडित का भी आभार जताते हुए कहा कि अब उनकी पूरी तैयारी भारतीय टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की है। भारतीय टीम सम्भवतः 3 अगस्त को श्रीलंका दौरे पर रवाना होगी।सारांश ने उम्मीद जताई की उन्हें अंतिम ग्यारह में अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में सारांश के पिता सुबोध जैन, माता संगीता जैन, पत्नी हर्षित जैन और भाई सौरभ जैन भी मौजूद थे। सारांश का स्वागत डॉ. सुशील पगारे,कमल कस्तूरी, पंकज क्षीरसागर, सुनील जैन, सोनाली यादव एवं संजय मेहता ने किया। स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की तरफ से अध्यक्ष प्रवीण खरीवाल ने सारांश जैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद थे।

# डेकाथलॉन में मेडल जीतने वाले तेजस्विन शंकर पहले भारतीय

**ग्लासगो ।** स्कॉटलैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के एथलेटिक्स दल ने इतिहास रच दिया है। स्टार एथलीट तेजस्विन शंकर ने मेंस डेकाथलॉन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में डेकाथलॉन इवेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। इससे पहले किसी भी भारतीय एथलीट ने यहां तक का सफर नहीं तय किया था।

डेकाथलॉन की 10 कठिन प्रतियोगिताओं के अंतिम चरण यानी 1500 मीटर की रेस में तेजस्विन ने 4:36.19 मिनट का समय निकालकर अपनी बढ़त बनाए रखी। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ब्रिटेन के सैमी बॉल ने 4:32.29 मिनट का समय निकाला,






लेकिन यह समय ओवरऑल पॉइंट्स टेबल में तेजस्विन को पीछे छोड़ने के लिए काफी नहीं था। सभी 10 इवेंट्स के खत्म होने के बाद तेजस्विन शंकर ने कुल 7,976 पॉइंट्स बनाए और तीसरे स्थान पर रहते हुए ऐतिहासिक कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। इस कड़े मुकाबले में ग्रेनाडा के दिग्गज एथलीट लिंडन विक्टर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि कनाडा के डेमियन वार्नर को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। तीनों एथलीट का प्रदर्शन कमाल का रहा। सभी 10 खेलों में इन तीनों ने चैंपियन की तरह अपने प्रदर्शन को बनाए रखा और एक दूसरे को कांटे की टक्कर देते रहे। हाई जंप से डेकाथलॉन की मुश्किल स्पर्धा की ओर रुख करने वाले तेजस्विन का यह पदक भारतीय ट्रैक एंड फील्ड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। खेल फैंस और विशेषज्ञों के अनुसार, इस इवेंट में भारत का पहला पदक आना देश में मल्टी इवेंट एथलेटिक्स के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाएगा। ऐसे खेलों में भारत का हिस्सा काफी कम रहा है।

## न्यूज इन बॉक्स

### सान्वी शाह फिर से बनीं जूनियर स्नूकर चैंपियन

**इंदौर।** शहर की अंतरराष्ट्रीय स्नूकर खिलाड़ी सान्वी शाह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नेहरू स्टेडियम स्थित



म.प्र. बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर स्नूकर स्पर्धा के फाइनल में सान्वी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए भोपाल की सिमरन ठाकुर को आसानी से परास्त कर खिताब अपने नाम किया। कम उम्र से ही स्नूकर टेबल पर अपना दबदबा बनाने वाली सान्वी पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अपनी निरंतर बेहतरीन खेल शैली के दम पर वे कई पदक जीतकर देश और शहर का नाम रोशन कर चुकी हैं। सान्वी की इस शानदार उपलब्धि पर म.प्र. बिलियर्ड्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### भारत के बाक्सर आज बरसाएंगे पदक, 10 खिलाड़ी फाइनल में

**नई दिल्ली ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का 10वां दिन भारत के लिए बेहद अहम रहने वाला है। नौवें दिन शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय दल का पदक आंकड़ा 23 तक पहुंच चुका है। अब शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों के पास इस संख्या को तेजी से बढ़ाने का सुनहरा मौका होगा। सबसे ज्यादा नजरें बॉक्सिंग पर रहेंगी, जहां भारत के 10 मुक्केबाज अलग-अलग वर्गों के फाइनल में उतरेंगे। अगर इनमें से अधिकांश खिलाड़ी स्वर्ण जीतने में सफल रहते हैं तो यह भारतीय मुक्केबाजी के इतिहास का सबसे यादगार दिन बन सकता है। बॉक्सिंग के अलावा एथलेटिक्स में भी भारत को बड़ी उम्मीदें हैं। पुरुष ट्रिपल जंप फाइनल में प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु थिरुमारण चुनौती पेश करेंगे। वहीं राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह पुरुष 5000 मीटर फाइनल में पदक के लिए दौड़ेंगे।

# जूडो में भारत का दबदबा दो गोल्ड के बाद मध्यप्रदेश की यामिनी मौर्य ने जीता सिल्वर

**ग्लासगो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय जूडोकाओं का शानदार प्रदर्शन जारी है। अस्मिता डे और हर्ष सिंह के ऐतिहासिक स्वर्ण पदकों के बाद यामिनी मौर्य ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर भारत के मेडल अभियान को और आगे बढ़ाया। अपने पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रही 28 साल की यामिनी ने शुरुआत से ही बेहतरीन प्रदर्शन किया और पॉडियम तक पहुंचकर देश की झोली में एक और कीमती पदक डाल दिया।

महिलाओं के 57 किग्रा श्रेणी का फाइनल मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक रहा। यामिनी और इंग्लैंड की एसिल्या तोप्राक के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक दोनों ही खिलाड़ी कोई निर्णायक अंक हासिल नहीं कर सकीं, जिसके बाद मैच गोल्डन स्कोर में चला गया। गोल्डन स्कोर में दोनों खिलाड़ियों पर दबाव साफ दिख रहा था और दोनों को 2-2 शिदो पेनल्टी मिल चुकी थीं। यामिनी ने मजबूत बचाव जारी रखा, लेकिन तीसरी शिदो पेनल्टी मिलते ही मुकाबला समाप्त





हो गया और इप्पोन नियम के तहत तोप्राक ने गोल्ड मेडल हासिल कर लिया।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर यामिनी का लगातार शानदार प्रदर्शन

कॉमनवेल्थ गेम्स में डेब्यू करते हुए सिल्वर मेडल जीतना यामिनी के करियर की एक और बड़ी उपलब्धि है। इस साल की शुरुआत में डकार में आयोजित अफ्रीकन ओपन में गोल्ड मेडल जीतने के बाद वे बेहतरीन फॉर्म में ग्लासगो पहुंची थीं। इससे पहले साल 2025 में उन्होंने हांगकांग एशियन ओपन में गोल्ड और होनियारा पैसिफिक गेम्स में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। इसके अलावा, वे 2023 के इंचियॉन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स और 2015 एशियन अंडर-18 चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं।

### भारतीय जूडो के लिए स्वर्णिम साबित हुआ ग्लासगो

नेशनल लेवल पर जूनियर और सीनियर वर्ग में कई स्वर्ण पदक जीत चुकीं यामिनी मौर्य का यह रजत पदक उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा। इस पदक ने ग्लासगो 2026 में भारतीय जूडो दल के ऐतिहासिक और अब तक के सबसे सफल अभियान पर मुहर लगा दी है।

# आज से जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित रूसी पुनेगर स्मृति इंदौर जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन आज से 3 अगस्त तक नेहरू स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में किया जाएगा। स्पर्धाओं में 148 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। प्रतियोगिता में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल एवं मिश्रित युगल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।

इंदौर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर. पी. एस. नय्यर ने बताया कि प्रतियोगिता के मुकाबले आज दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन समारोह शाम 6.30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबलों की उम्मीद है । पुरुष एकल वर्ग में कन्हैया शर्मा को प्रथम तथा युवराज तिवारी को द्वितीय वरीयता प्रदान की गई है। महिला एकल वर्ग में ओजस्वी भोमिया प्रथम तथा गौरी चिट्टे द्वितीय वरीय खिलाड़ी हैं । पुरुष युगल में अनिकेत परदेसी–वत्सल सोमन की जोड़ी शीर्ष वरीय है, जबकि कन्हैया शर्मा–अनिरुद्ध तिवारी की जोड़ी को दूसरी वरीयता मिली है । महिला युगल में गौरी चिट्टे–स्वाति सोलंकी की जोड़ी प्रथम तथा कनिका जाट–कृति तिवारी की जोड़ी द्वितीय वरीयता प्राप्त है । प्रतियोगिता के प्रायोजक सुमित घोरावत एवं सह-प्रायोजक प्रकाश धाकड़ हैं । दोनों ही रूसी पुनेगर के शिष्य रहे हैं और अपने गुरु की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन एवं सहयोग कर रहे हैं।

# भाला फेंक में भारत ने दो मेडल जीते

## नीरज चोपड़ा ने रजत और यश वीर को मिला कांस्य

**ग्लास्गो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने पुरुष भाला फेंक इवेंट में दो मेडल जीते। पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सिल्वर तो यश वीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। नीरज ने 85.83 मीटर का अपना बेस्ट थ्रो किया तो यश वीर 85.41 मीटर दूर भाला फेंक पाए। इस इवेंट में श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज ने 89.75 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में नीरज चोपड़ा का यह दूसरा मेडल है। उन्होंने 2018 में गोल्ड जीता था जबकि 2022 में गेम्स में हिस्सा नहीं किया था।

एक ही इवेंट में भारत को दो मेडल मिलने पर नीरज चोपड़ा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इवेंट के बाद कहा, इससे एशियाई खेलों की यादें






ताजा हो गईं जहां जेना (किशोर कुमार जेना) और मैंने मेडल जीते थे। मुझे बहुत खुशी है कि यशवीर ने इतने अहम मौके पर अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। राष्ट्रगान बजते हुए सुनना हमेशा खुशी देता है लेकिन ठीक है मैंने भी इस सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मेरी वापसी अच्छी चल रही है। आगे और भी प्रतियोगिताएं हैं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

### जैवलिन की ग्रोथ से नीरज काफी खुश

नए खिलाड़ियों के प्रदर्शन से नीरज चोपड़ा काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि अब मैं नहीं भी हूं फील्ड पर या अगर इंजरी भी है, तो मुझे कहीं न कहीं अच्छा लगता है कि पीछे संभालने वाले हैं, अच्छा थ्रो करने वाले हैं। अभी बहुत अच्छा कर रहे हैं। अभी 85 में यशवीर आ गया है, तो अभी हमारे 85 के काफी अच्छे थ्रोअर हैं। रोहित ने 87 मीटर के आसपास किया था आने से पहले, सचिन अच्छा कर रहा है, मतलब है कि हमारे जूनियर थ्रोअर्स अच्छा कर रहे हैं। काफी खुशी होती है कि जैवलिन थ्रो ग्रो कर रहा है इतना इंडिया में।

### यश वीर ने आखिरी थ्रो में कमाल किया

ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 80.97 की दूरी तय की। इसके बाद उन्होंने 85.83 मीटर की दूरी तय करते हुए सीजन का बेस्ट थ्रो किया। तीसरे और चौथे प्रयास में नीरज ने क्रमशः 81.29 मीटर और 80.73 मीटर की दूरी तय की। वहीं, यशवीर सिंह ने अपने दूसरे प्रयास में 78.55 मीटर दूरी का थ्रो किया। इसके बाद अगले प्रयास में 81.33 मीटर की दूरी तय की। उन्होंने पांचवें प्रयास में 76.95 मीटर थ्रो किया, लेकिन अंतिम प्रयास में 85.41 मीटर का थ्रो उनके लिए गेम चेंजर साबित हुआ। यह उनका पर्सनल बेस्ट भी था। भारत के रोहित यादव यादव भी फाइनल में थे। 81.56 मीटर अपने बेस्ट थ्रो के साथ वह 7वें नंबर पर रहे।





# चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचे सवार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बायपास पर कनाडिया रोड चौराहा के समीप एक चलती कार में आग लग गई। धुआं उठता देख कार सवार लोगों ने अपनी जान बचाई और कार से तुरन्त बाहर आ गए, जिसके बाद कार जलकर खाक हो गई।शार्ट सर्किट से आग लगने की सम्भावना बताई जा रही है। फिनिक्स मॉल के पास जैसे ही डस्टर कार में आग लगी वैसे ही अफ़रा-तफरी मच गई। कुछ ही मिनटों में आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर टीम पहुंची।

# पेट पर चाकू से वार कर फोड़ा सिर

## युवक पर हमला रास्ते में रोककर पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

खजराना थाना क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर आरोपियों ने एक युवक को रोककर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक पर चाकू और पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट और आंख के पास गंभीर चोटें आईं। पीड़ित की शिकायत पर खजराना थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, तंजीम नगर निवासी फरियादी शेख इमरान पिता शेख हैदर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से गया था, तभी आरोपी रय्यान खान, अबू रेहान, इमरान और उनके अन्य साथी सम्राट नगर स्थित उस्मानी मस्जिद के पास खड़े थे। जैसे ही शेख इमरान वहां से गुजरे, आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और कहा कि यहां पर क्यों आया है? फरियादी ने जवाब दिया कि वह अपने दोस्त हसनैन से मिलने आया है। इसी बात पर आरोपी आक्रोशित हो गए और गालियां देने लगे। जब शेख इमरान ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी रय्यान ने चाकू से हमला कर दिया, जो सीधा शेख इमरान के पेट पर लगा। वहीं आरोपी इमरान ने पास पड़े पत्थर से हमला कर दिया, जो उनकी दाहिनी तरफ आंख के ऊपर लगा, जिससे खून बहने लगा।

# मौत

# बस में सोया का सोया रह गया अधेड़

## धुलिया से आया और बस स्टैण्ड पर देखा मृत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सरवटे बस स्टैंड पर बस में एक यात्री मृत हालत में मिला है। महाराष्ट्र के धुलिया से बस में सवार होकर आए एक अधेड़ यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बस के स्टैंड पर पहुँचने के बाद भी जब यात्री काफी देर तक नहीं उठा, तो मामले का खुलासा हुआ। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय हरिप्रसाद पिता हरपाल निवासी सीकर, राजस्थान के रूप में हुई है। हरिप्रसाद धुलिया (महाराष्ट्र) से इंदौर आने वाली यात्री बस में सवार हुए थे। जब बस सरवटे बस स्टैंड पहुँची और सभी सवारियां नीचे उतर गईं, तब भी हरिप्रसाद अपनी सीट पर अचेत अवस्था में पड़े रहे। बस कर्मचारियों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। आशंका जताई जा रही है कि सफर के दौरान ही हार्ट अटैक या किसी अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण उनकी मौत हो गई। बस चालक और परिचालक ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# स्कूटी से गिराकर छिनी वैशाखी

## पुराने केस में राजीनामा न करने पर गुंडागर्दी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित गोमा की फेल में राजीनामा करने का दबाव बनाने के लिए आरोपी ने स्कूटी पर बैठे फरियादी का कॉलर पकड़कर उन्हें नीचे पटक दिया और जब वे उठने की कोशिश करने लगे तो उनकी सहारा देने वाली स्टिक (वैशाखी) छीनकर हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोमा की फेल निवासी फरियादी परसराम पिता मोहन लाल नायक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि इलाके में ही रहने वाला आरोपी मनोज उर्फ मूछ श्रीवास उन्हें रास्ते में मिला। आरोपी उनसे पूर्व में दर्ज अपराध क्रमांक 16/26 में जबरन राजीनामा करने का दबाव बनाने लगा। जब परसराम ने केस में राजीनामा करने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी आपा खो बैठा और गालियां देने लगा। फरियादी ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी मनोज ने स्कूटी पर बैठे परसराम को कॉलर पकड़कर उन्हें जोर से धक्का दे दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद जब पीड़ित अपनी स्टिक के सहारे खड़े होने का प्रयास करने लगे, तो आरोपी ने उनकी स्टिक छीन ली और उसी से उन पर हमला करने का प्रयास किया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

# लाखों के जेवर और हजारों नकदी ले उड़े

## सूने मकान का ताला तोड़कर की चोरों ने वारदात

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित समरथ वाटिका में चोरी का एक मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश ने सूने मकान के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया। फरियादिया की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, समरथ वाटिका नैनोद निवासी फरियादिया निकिता चौहान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात चोर ने उनके घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ा और घर के अंदर दाखिल हो गया। आरोपी ने घर में रखे सोने के कान की झुमकी, मांग टीका, दो नथुनी, मंगलसूत्र, सोने की चेन तथा चांदी की पायजेब और बिछिया सहित कुल 70 हजार रुपये की नगदी चुरा ली और मौके से फरार हो गया। जब पीड़िता घर पहुंची तो टूटा हुआ ताला और बिखरा सामान देखकर उन्हें चोरी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गांधी नगर थाना पुलिस ने फरियादिया निकिता चौहान की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# युवक पर हुआ वीडियो बनाने की शंका में हमला

## *महिला समेत तीन लोगों ने पीटा कड़े से वार कर कान फोड़ा*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित मुखर्जी नगर में वीडियो बनाने की बात को लेकर तीन लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने फरियादी के साथ जमकर गाली-गलौज और मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपी ने अपने हाथ में पहने कड़े से युवक पर हमला कर दिया, जिससे उसके दोनों कानों में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। पीड़ित की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोविंद नगर खारचा निवासी फरियादी संदीप उर्फ बबलू पिता रघुनंदन प्रजापति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे मुखर्जी नगर क्षेत्र में मौजूद थे, तभी वहां आरोपी लाखन यादव, सोनम नाम की महिला और उनका एक अन्य साथी मिला। तीनों अचानक फरियादी के पास पहुंचे और बहस करते हुए कहने लगे कि तू हमारी वीडियो क्यों बना रहा है? जब फरियादी संदीप ने स्पष्ट किया कि वह किसी की कोई वीडियो नहीं बना रहा है, तो तीनों आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। संदीप द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर तीनों ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी लाखन यादव ने अपने हाथ में पहने कड़े से संदीप पर जोरदार हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों कानों पर गहरी चोट आई और खून निकलने लगा। हमले के बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर में जा घुसी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खुडैल क्षेत्र के अरंडिया बायपास पर देर रात अनियंत्रित कार डिवाइडर में जा घुसी। संस्कार सोसायटी के समीप तेज गति से जा रही कार ने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर की रैलिंग से जा टकराई, जिसके कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार के एयर बेलून खुलने से कार सवार युवकों को मामूली चोट लगी। घटना की सूचना मिलने के बाद तुरन्त क्षेत्रीय पुलिस पहुंची।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।